# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–14 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 05 फरवरी से 11 फरवरी 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये


**जरूर पढ़ें**

## राहुल की यात्रा में अखिलेश को नहीं मिला निमंत्रण

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव नजदीक है मगर आए दिनों दिए जा रहे बयानों से ऐसा लग रहा है कि विपक्षी गुट इंडिया गठबंधन के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है। इंडिया गठबंधन के घटक दल सपा प्रमुख का बयान तब आया है जब विपक्षी पार्टियां 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सीट–बंटवारे को लेकर आपसी कलह का सामना कर रही हैं।उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की यात्रा के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कई बड़े आयोजन होते हैं, लेकिन हमें आमंत्रित नहीं किया जाता।

## गुनाहों के गटर में गठबंधन का शटर लगाकर बचना मुश्किल

**प्रयागराज :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रविवार को प्रयागराज के प्रवास पर रहे। दिल्ली में विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी को क्राइम ब्रांच से नोटिस जारी होने पर उठे सियासी शोर पर नकवी ने तल्ख टिप्पणी की। नकवी ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गुनाहों के गटर पर आईएनडीआईए गठबंधन का शटर लगाकर बचने की कवायद कामयाब नहीं होगी। मोदी सरकार की करप्शन पर जीरो टालरेंस की नीति से कोई भी खुद को बचा नहीं पाएगा। गलत करने वाले जेल जाएंगे।

# पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं !

## जमानत तक हो जाएगी मुश्किल, विधि आयोग की कड़ी सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसियां

पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वालों से कड़ाई से निटपने का सुझाव देते हुए विधि आयोग ने केंद्र सरकार से कई सिफारिशें की हैं। आयोग ने कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोपियों को तभी जमानत मिले, जब उनके द्वारा किए नुकसान के बराबर धनराशि जमा करा दी जाए। साथ ही आयोग ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण (पीडीपीपी) अधिनियम में संशोधन का सुझाव भी दिया है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली कमेटी ने अपनी 284वीं रिपोर्ट में यह बातें कहीं हैं। योग ने अपनी



रिपोर्ट में कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पीडीपीपी अधिनियम के तहत अपराधों से संबंधित आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि और सजा का डर ही पर्याप्त नहीं है।

आयोग ने कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान करने वालों की जमानत शर्त और कड़ी होनी चाहिए। जब तक आरोपी सार्वजनिक संपत्ति का अनुमानित मूल्य नहीं जमा कर देते, उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। केंद्र सरकार ने 2015 में पीडीपीपी अधिनियम में बदलाव का एक प्रस्ताव रखा था। गृह मंत्रालय ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2015 का एक मसौदा जारी किया और इस पर आपत्ति और सुझाव मांगे थे। हालांकि, मूल अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया गया। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस बात इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश में सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान पहुंचाने की घटना दुर्भाग्य से बड़े पैमाने पर होती है और यह लगातार जारी है।

### किसी को इजाजत नहीं

आयोग ने कहा है कि सार्वजनिक संपति की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। साथ ही इसकी सुरक्षा करना उसके हित में भी है। यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक संपत्ति को किसी के द्वारा नष्ट करने की इजाजत नहीं दी जा सकती, चाहे इसका कारण कुछ भी हो। आयोग ने कहा कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाना आसान है, लेकिन इसे बनाना आसान नहीं है। सार्वजनिक संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें हर नागरिक की हिस्सेदारी है।


आयोग ने कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। साथ ही इसकी सुरक्षा करना उसके हित में भी है। यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक संपत्ति को किसी के द्वारा नष्ट करने की इजाजत नहीं दी जा सकती, चाहे इसका कारण कुछ भी हो। आयोग ने कहा कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाना आसान है, लेकिन इसे बनाना आसान नहीं है। सार्वजनिक संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें हर नागरिक की हिस्सेदारी है।

आयोग ने सरकार को भेजी रिपोर्ट में कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति के विनाश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

## खुद को रिसर्चर बताकर सतेंद्र से मांगती थी भारत की खुफिया जानकारी

मेरठ, एजेंसियां

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला जासूस ने फर्जी नाम और पता बताकर भारतीय दूतावास के कर्मचारी सतेंद्र को हनी ट्रैप में फंसा लिया था। वर्ष 2021 में जब सतेंद्र की तैनाती रूस स्थित भारतीय दूतावास में हुई उसी समय सतेंद्र को आईएसआई ने टारगेट किया था। इसके बाद एक फर्जी नाम से आईएसआई की महिला जासूस ने सतेंद्र से पहले सोशल मीडिया और इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू कर दी थी। दोनों के बीच अक्सर वीडियो कॉल भी होती थी। इसी बात का फायदा उठाकर आईएसआई की महिला जासूस ने सतेंद्र से तमाम गोपनीय जानकारियां हासिल कीं। एटीएस की पूछताछ में पता चला कि सतेंद्र सिवाल रूस में भारतीय दूतावास में वर्ष 2021 में बतौर आईबीएसए यानी इंडिया बेस्ड सिक्योरिटि असिस्टेंट के पद



पर तैनात किया गया था। इसके बाद से लगातार सतेंद्र रूस के मास्को में ड्यूटी पर था और कभी कभी हापुड़ आता था। सूत्रों के अनुसार इसी दौरान आईएसआई की महिला जासूस ने जाल बिछाया और फेसबुक पर सतेंद्र को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। आईएसआई की महिला जासूस ने अपना नाम पूजा बताया और यह भी बताया कि वह रिसर्चर है। कुछ माह तक दोनों के बीच बातचीत फेसबुक मैसेजेंर के जरिये होती रही। इसके बाद आईएसआई की महिला जासूस ने सतेंद्र से रिसर्च के बहाने से भारतीय सेना, भारतीय रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय समेत कई तरह की जानकारी मांगी। सतेंद्र को इस काम के लिए रकम भी देने के लिए कहा गया। सतेंद्र इसके बाद से ही आईएसआई की महिला एजेंट को तमाम जानकारियां साझा करता आ रहा है। इनमें से काफी दस्तावेज के फोटो आरोपी ने अपने मोबाइल कैमरे से लिए थे और इसकी पुष्टि मोबाइल की जांच के बाद हो गई है। फिलहाल भारतीय खुफिया एजेंसियां कथित आईएसआई महिला एजेंट के सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर जांच में लगी हैं। ये पता किया जा रहा है कि कहीं कोई अन्य सैन्य अथवा दूतावास कर्मी तो उस आईडी के संपर्क में नहीं है।

आईएसआई की महिला जासूस सोशल मीडिया पर फर्जी नाम और पते से प्रोफाइल बनाती हैं। इसके बाद दूसरे देश के सेना से जुड़े जवान, सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिक और दूतावास में काम करने वाले लोगों को टारगेट किया जाता है। इन लोगों से पहले सोशल मीडिया पर संपर्क बढ़ाया जाता है और इसके बाद मोबाइल नंबर भी साझा कर लिया जाता है। इस तरह से प्रेम जाल में फंसाकर अपने काम की जानकारी आईएसआई की महिला एजेंट हासिल कर लेती हैं। पूर्व में भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं।

भारतीय दूतावास कर्मी सतेंद्र को हनीट्रैप में फंसाकर आईएसआई ने विदेश ट्रेनिंग पर जाने वाले सैन्य अधिकारियों का डाटा भी हासिल कर लिया था। इससे इन अधिकारियों की सुरक्षा से लेकर तमाम तरह के खतरे बन गए हैं।

## कामाख्या मंदिर कॉरिडोर को 11600 करोड़ की सौगात

नई दिल्ली, एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। पीएम मोदी का यह दौरा लोकसभा चुनाव से पहले हो रहा है। असम के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्य में 11,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पीएम मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के साथ एक रोड शो किया, जिसके बाद उन्होंने परियोजनाओं का अनावरण किया। पीएम मोदी की यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले हो रही है, जो पूर्वोत्तर में भाजपा की पहुंच की रूपरेखा तैयार कर सकती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए 2019 के रिजल्ट को और बेहतर करने की कोशिश करेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जहां 14 लोकसभा सीटों में से नौ सीटें हासिल की थी।



पीएम मोदी की पूर्वोत्तर यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन से यात्राओं में भी आसानी होगी जिससे असम में लोगों की लाइफ स्टाइल में बदलाव आएगा। पीएम मोदी का मुख्य फोकस तीर्थ स्थलों पर आने वाले लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। इस प्रयास में एक और कदम उठाते हुए पीएम मोदी ने 498 करोड़ रुपये की लागत वाले कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखी। इस कॉरिडोर को प्रधानमंत्री विकास पहल उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पीएम–डिवाइन) योजना द्वारा मंजूरी दी गई थी। राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने चंद्रपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानक के खेल स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम को फीफा मानक फुटबॉल स्टेडियम के रूप में उन्नत करने सहित परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## इसरो ने महिला रोबोट को अंतरिक्ष भेजने की तैयारी

**बेंगलुरु :** चंद्रयान–3 की अपार सफलता के बाद इसरो दुनिया के दिग्गज अंतरिक्ष एजेंसियों में अपना नाम सुनहरे अंकों में दर्ज करवा चुका है। चांद पर फतह हासिल करने के बाद इसरो की अंतरिक्ष उड़ान अभी और उंची उड़ने को तैयार है। भारत सूर्य मिशन के बाद अब गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है। यह भारत का पहला मानवयुक्त मिशन होगा। लेकिन, इससे पहले इसरो ने महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर ली है। इस साल की तिमाही तक प्रक्षेपण की उम्मीद है। इसरो इसे गगनयान से पहले सबसे अहम कदम मानकर चल रहे हैं। खुद इसरो चीफ एस सोमनाथ का कहना है कि 2024 गगनयान की तैयारियों का वर्ष है।

भारत की महिला रोबोट अंतरिक्ष यात्री व्योममित्रा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन से पहले अंतरिक्ष में उड़ान भरेगी। भारत का गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर



उड़ान भरने वाला देश का पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान है, जो 2025 में लॉन्च किया जाना है। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि व्योममित्र मिशन इस साल की तीसरी तिमाही के लिए निर्धारित है। भारतीय महिला रोबोट अंतरिक्ष यात्री व्योममित्र का नाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बनाया गया है। व्योम का अर्थ है अंतरिक्ष। और दूसरा है मित्र। सरल शब्दों में समझें तो व्योममित्र वह जो आम इंसानों के बजाय अंतरिक्ष को ज्यादा बेहतर तरीके से जानता है। इसलिए इसका नाम अंतरिक्ष मित्र है। गगनयान मिशन के लिए व्योममित्र की बेहद अहम भूमिका है। यह अंतरिक्ष में हर तरह के मानव कार्यों का अनुकरण करेगी।

ये अंतरिक्ष में पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली के साथ भी काम करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, रोबोट अंतरिक्ष यात्री गगनयान मिशन के मॉड्यूल मापदंडों की निगरानी कर सकता है, उसे अलर्ट जारी कर सकता है और जीवन–समर्थन संचालन को अंजाम दे सकता है। यह छह पैनलों को संचालित करने और प्रश्नों का जवाब देने जैसे कार्य भी कर आसानी से सकता है।

गौरतलब है कि 2025 में गगनयान मिशन के प्रक्षेपण से पहले, पहला परीक्षण वाहन उड़ान 21 अक्टूबर, 2023 को पूरा किया गया था।

## उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी ने बढ़ाई सिरदर्दी, कई उड़ानें रद्द

नई दिल्ली, एजेंसियां

समूचे उत्तर भारत में इस वक्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आलम यह है कि लोग रजाई से बाहर निकलने के लिए भी कतरा रहे हैं। सर्द मौसम का आलम यह है कि घाटी में बर्फबारी के कारण कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच हवाई यातायात रविवार को निलंबित हो गया। चार उड़ाने पहले ही रद्द कर दी गईं और आज के लिए बाकी उड़ानों को टाल दिया गया है। उधर, पंजाब और हरियाणा के अधिकांश हिस्सों में जमकर बारिश हुई है। हालांकि लोगों के लिए राहत की बात यह रही कि तापमान में गिरावट दर्ज नहीं हुई है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन ने लोगों को एडवाइजरी भी जारी की है।

कश्मीर में बर्फबारी से कई उड़ानें रद्द भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि कश्मीर घाटी में



बर्फबारी की वजह से एयर ट्रैफिक प्रभावित हुआ है। चार उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जबकि शेष निर्धारित उड़ानों को बर्फबारी के कारण स्टैंडबाय पर रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि बर्फबारी, जो कल देर रात शुरू हुई थी, सुबह थोड़ी देर के लिए रुकी, जिससे रनवे को साफ किया जा सका। हालांकि, किसी भी उड़ान के संचालन से पहले ही बर्फबारी फिर से शुरू हो गई। कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम बर्फबारी हो रही है जबकि घाटी के उंचे इलाकों में भारी बर्फबारी की खबर है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सड़कें यातायात के लायक हैं, सुबह से ही बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने सड़कों पर फिसलन को देखते हुए वाहन चालकों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी है।

रविवार को पंजाब और हरियाणा के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई, जबकि न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से उपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, चंडीगढ़, मोहाली, हिसार, अंबाला, लुधियाना और पटियाला समेत कई इलाकों में बारिश हुई। पंजाब के अन्य स्थानों में, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है, जबकि लुधियाना और पटियाला में न्यूनतम तापमान क्रमशः 11.1 और 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक, पठानकोट, बठिंडा, फरीदकोट और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 9.4, 8.6, 10.8 और 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में अंबाला का न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस जबकि हिसार का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मोदी सरकार ने दी खुशखबरी

## सोलर पैनल के लिए 40 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी

नई दिल्लीः एजेंसी

यदि आप भी अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने का सोच रहे हैं तो मोदी सरकार की ओर से आपके लिए खुशखबरी है। दरअसल, सरकार रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के लिए सब्सिडी को बढ़ाने जा रही है। अब यह सब्सिडी बढ़ाकर 60 फीसदी की जा सकती है। केंद्रीय न्यू एंड रिनेवेबल एनर्जी मिनिस्टर आरके सिंह ने बताया है कि नई प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के अंतर्गत लोगों को 60 फीसदी की सब्सिडी देने की तैयारी की जा रही है।

अभी फिलहाल में केंद्र सरकार घर की छतों पर लगने वाले सोलर पैनल के लिए 40 फीसदी की सब्सिडी देती है। आने



वाले समय में इसमें 20 फीसदी की और बढ़ोतरी होने जा रही है। इस तरह से कुल सब्सिडी बढ़कर 60 फीसदी हो जाएगी, जिससे रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन करवाना काफी सस्ता हो जाएगा और बिजली का बिल भी कम आएगा।बढ़ी हुई सब्सिडी का उद्देश्य 300 यूनिट से कम बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं की मदद करना है, जो आमतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से संबंधित हैं। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि उनके लिए ऋण लेना एक समस्या है। हम सब्सिडी बढ़ाने का इरादा रखते हैं। हम सब्सिडी बढ़ाएंगे और शायद यह लगभग 60 फीसदी होगी। अभी यह 40 फीसदी है। इसलिए सब्सिडी बढ़ेगी और (शेष) ) 40 फीसदी पर अब भी कर्ज मिल सकेगा। यह योजना प्रत्येक राज्य के लिए नामित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा स्थापित विशेष प्रयोजन वाहनों (एसपीवी) के जरिए से लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "वे (सीपीएसई) इसे लागू करने के लिए एसपीवी स्थापित करेंगे। वे ऋण लेंगे और जो अतिरिक्त यूनिट उत्पन्न होगी, उसका उपयोग ऋण चुकाने में किया जाएगा।" सिंह ने कहा कि जिनके पास बिजली पोर्टफोलियो भी है, ऋण चुकाने के 10 साल बाद, छत पर सौर बुनियादी ढांचे को घर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जो अतिरिक्त बिजली को डिस्कॉम को बेच सकता है।

## आंखों में आ गए आंसू, भारत रत्न मिलने पर भावुक हुए लालकृष्ण आडवाणी

नई दिल्ली, एजेंसियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का ऐलान किया। आडवाणी के परिवार ने इस पर खुशी जताई है और पीएम मोदी को धन्यवाद किया है। लालकृष्ण आडवाणी की बेटी प्रतिभा आडवाणी को दिल्ली में उनके आवास पर आडवाणी के साथ बैठे देखा गया और उन्होंने अपने पिता को लड्डू देकर बधाई दी। लालकृष्ण आडवाणी ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया।

प्रतिभा आडवाणी ने कहा कि पूरा परिवार बहुत खुश है कि 'दादा' (लालकृष्ण आडवाणी) को देश का सर्वोच्च सम्मान मिला है। आज मुझे अपनी मां की सबसे ज्यादा याद आती है क्योंकि उनके (आडवाणी) जीवन में चाहे वह व्यक्तिगत हो या राजनीतिक जीवन,



उनका योगदान बहुत बड़ा है। जब मैंने दादा को बताया तो वह बहुत खुश थे और उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन अपने देश की सेवा में बिताया। प्रतिभा आडवाणी ने कहा, ₹उन्होंने पीएम मोदी और देश के लोगों को इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद दिया।आडवाणी की बेटी ने कहा, ₹वह बहुत अभिभूत हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। लेकिन उनकी आंखों में आंसू थे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय भी वह बहुत खुश थे। यह उनके जीवन का एक ऐसा सपना था जिसके लिए उन्होंने संघर्ष किया और लंबे समय तक काम किया। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि जब कोई उनकी तारीफ करता है तो उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं।₹ बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के बेटे जयंत आडवाणी ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि उनके जीवन के इस पड़ाव पर उनके प्रयासों को इस शानदार तरीके से मान्यता मिल रही है।

# पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव, ऑनर किलिंग की आशंका



**अमरोहा :** प्रेमी युगल के शव गांव से करीब 150 मीटर दूरी आम के पेड़ पर एक ही रस्सी से लटके मिले। दोनों तीन दिन पूर्व प्रेम प्रसंग में घर से फरार हुए थे। युवक के परिजनों ने ऑनर किलिंग की आशंका जताते हुए मौके पर काफी देर तक हंगामा किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

थाना सैदनगली के गांव सेंदरा मिलक के किसान रविवार सुबह खेतों पर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने आम के पेड़ पर एक युवक व किशोरी के शव लटके हुए देखे। गांव में जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पता लगा कि शव गांव निवासी 15 वर्षीया निशु पुत्री विनोद जाटव व 22 वर्षीय राजू पुत्र मुनेश जाटव के हैं। दोनों तीन दिन पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते घर से फरार हुए थे। निशु के परिजनों ने इस बाबत थाना पुलिस को तहरीर भी दी थी। वहीं प्रेमी युगल के शव मिलने की खबर लगते ही पुलिस में भी हड़कंप मच गया। सीओ दीप कुमार पंत व कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस के मुताबिक शव करीब 15 फीट की ऊंचाई पर एक ही रस्सी से लटके हुए थे। राजू के पैर में चप्पल थे जबकि, निशु नंगे पैर थी। मौके पर पहुंचे राजू के परिजनों ने उसकी हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। इसी बीच जब पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जा रही थी, तभी राजू के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शवों को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। मांग करते हुए कहा कि पहले हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की जाए। सीओ दीप कुमार पंत ने समझाया कि हत्या या आत्महत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगी। इसलिए अभी पुख्ता तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि दोनों की हत्या हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी। उधर, ग्रामीणों के मुताबिक निशु ढवारसी के एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा थी जबकि राजू खेती किसानी करता था। दोनों एक ही बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन निशु के परिजन इस पर राजी नहीं थे। इसको लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी लेकिन कोई हल नहीं निकल सका था। फिलहाल पुलिस अधिकारी मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे जांच एवं कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

## खलील साबरी और मीना वारसी के बीच जबरदस्त कव्वाली मुकाबला



**अमरोहा :** कस्बा ढका में शेख बंदगी पीर बाबा रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चल रहे उर्स में शनिवार को भी दंगल हुआ। इससे पूर्व खलील साबरी और मीना वारसी के बीच जबरदस्त कव्वाली मुकाबला हुआ।

शुक्रवार रात कव्वाली का शुभारंभ डा.इरफान व मोहम्मद आसिफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कव्वालों ने बाबा की शान में कलाम पेश किए। शनिवार दोपहर बाद कुश्ती दंगल हुआ। पहली कुश्ती में कादिर गनी पहलवान जम्मू कश्मीर ने लाला पहलवान कानपुर को चित कर दिया। अलफैज पहलवान संभल और बाबा पहलवान अयोध्या के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। अमरनाथ पहलवान नेपाल ने अमरीशपुरी पहलवान हरियाणा को धूल चटा दी। जीहल के फहीम ने गब्बर पहलवान कानपुर को शिकस्त दी। जाबिर पहलवान बागपत ने लाला पहलवान कानपुर को हरा दिया। काला पहलवान कानपुर ने बाबा पहलवान अयोध्या को चित किया। कमेटी सदर नईम चौधरी, शोएब चौधरी, अब्दुल कादिर, चौधरी मुर्तजा, मोहम्मद आलिम, चौधरी शादाब, मोहम्मद फरमान, अरशद फरीदी, अंसार सलमानी, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद नसीम, सालिम अनवर, मोहम्मद दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# मन लगाकर कार्य करे भाजपा कार्यकर्ता : हेमराज सिंह सैनी



सबका सपना /नवरत्न कुमार

अमरोहा जिले के मण्डल उझारी कार्यालय पर शुक्रवार को गांव चलो अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष हेमराज सिंह के द्वारा आयोजित किया गया उन्होंने बताया सभी कार्यकर्ता मन लगाकर कार्य करें। मुख्य अतिथि राजीव चौहान जिला महामंत्री ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी एवम सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। इसकी जानकारी दी।मण्डल प्रभारी चन्द्रपाल सिंह खड़गवंशी ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता को मन लगाकर गाँव चलो अभियान के अंतर्गत जन जन तक सभी योजनाओं की जानकारी पहुचानी हैं।इस अवसर पर ब्लॉक् प्रमुख ममता गुज्जर,मण्डल अध्यक्ष हेमराज सिंह सैनी,विधानसभा सयोंजक हिमांशु त्यागी,मण्डल महामंत्री,भूरे चौधरी, मण्डल सहसयोंजक विजय चौधरी, सेक्टर सयोंजक यशपाल सिंह,रामसिंह, बूथ अध्यक्ष प्रदीप सैनी,सोशल मीडिया सयोंजक नवरत्न कुमार शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार द्वारा बढ़ाये गये 20 रुपये के अन्तर गन्ना मूल्य का किया भुगतान



अमरोहा : चीनी मिल चन्दनपुर कृषक भाईयों के गन्ने का भुगतान करने में पूरे उत्तर प्रदेश में अग्रणी रही है और समय से ही भुगतान करती रही है। इसी क्रम में चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा जी से हुई वार्ता के क्रम में बताया गया कि चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2023–24 में दिनांक 15.01.2024 तक का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान 178.75 करोड़ रूपये कृषकों के खाते में भेज दिया है। साथ ही यह बताया कि चीनी मिल द्वारा जो दिनांक 15.01.2024 तक का भुगतान किया है उसमें सरकार द्वारा राज्य परामर्श मूल्य में जो रुपये 20/– की बढ़ोत्तरी की गई था, उसका भी समस्त एरियर अर्थात् जिस दिन से चीनी मिल चली है तब से दिनांक 15.01.2024 तक का गुगतान बढे हुए मूल्य रूपये 20/– के साथ कृषकों के खाते में भेज दिया गया है। हमारी चीनी मिल द्वारा सरकार की मंशानुसार समय से भुगतान किया जाता रहा है और आगे भी भुगतान किया जाता रहेगा। किसान भाईयों से अपील है कि चीनी मिल और कृषक दोनो एक दूसरे के पूरक हैं और अपना गन्ना औने–पौने दामों में इधर उधर न डालें। आपका समस्त पेराई योग्य गन्ना चीनी मिल लेने हेतु दृढ़ संकल्प है और गन्ने की एक–एक पोरी लेकर ही चीनी मिल को बन्द किया जायेगा' चीनी मिल को साफ स्वच्छ ताजा गन्ना जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति करें क्योंकि आप अच्छा गन्ना आपूर्ति करते रहेंगे तो चीनी मिल को अच्छा चीनी परता प्राप्त होगा और इससे आपको समय से भुगतान मिलता रहेगा जो आपके आर्थिक उत्थान में सहयोग करेगा। किसानो द्वारा गन्ने को डूंडा जा रहा है जो किसी भी सूरत में उचित नहीं है क्योंकि इससे किसान को वजन के रूप में एवं चीनी मिल को चीनी परता के रूप में हानि होती है, इसलिये गन्ना न डूंडे और न ही चट्टा लगाकर रखें।

# पुलिस की गैंगस्टर के आरोपियों से मुठभेड़, तीन गिरफ्तार



**अमरोहा :** गश्त पर निकली डिडौली पुलिस की गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, पुलिसकर्मी बाल–बाल बचे। पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि उनका एक साथी भागने में कामयाब रहा। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया।

सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक गुरुवार रात डिडौली कोतवाली में तैनात दरोगा विपिन कुमार कांस्टेबल रोहित कुमार, अंकित मालिक, यतेंद्र कुमार व हामिद अली के साथ गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने हटव्वा गांव की ओर जाने वाली सड़क पर बाइक सवार चार आरोपियों की घेराबंदी कर दी। इसी बीच चारों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। घेराबंदी करते हुए पुलिस टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका एक साथी भाग निकला। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक व पशु कटान में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ओसामा व चाहत निवासी गांव फतेहपुर माफी व नूर निवासी मोहल्ला पधानों वाला जोया बताया। फरार आरोपी दानिश निवासी फतेहपुर माफी था। सीओ ने बताया कि आरोपी ओसामा, नूर और दानिश गैंगस्टर के आरोपी हैं जबकि चाहत गुंडा है। ये सभी लोग क्षेत्र में गोकशी की फिराक में थे। सभी के खिलाफ धोखाधड़ी, हत्या की कोशिश, गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम और अवैध शस्त्र रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। ओसामा, नूर और चाहत को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया।

लेखक की कलम से

# विदेश में तैनात हैं भारतीय मूल के नेता लेकिन अपने ही देश में बाहरी प्रत्याशी के नाम पर होता रहता है विरोध



विजय सिंह (पूर्व प्रधान)

**आज** भी हमारे देश के अंदर रहते हुए हमारे ही देशवासियों का विरोध केवल इसलिए कर दिया जाता है कि यह हमारे लोकसभा का रहने वाला प्रत्याशी नहीं है या फिर यूं कहें कि यह हमारे विधानसभा का रहने वाला प्रत्याशी नहीं है। आज भी हम अपने देश में ही रहकर कैसे गैर हो चले हैं। यह जीता जागता उदाहरण आज भारतीय राजनीति में देखने के लिए मिल ही जाता है। जब हमारे देश के ही लोग हमारे ही देश के लोगों का आपस में विरोध करते देखे जा सकते हैं। काफी बार आपने देखा होगा और सुना होगा कि हम इस लोकसभा के हैं तो हमारे ही लोकसभा का प्रत्याशी होना चाहिए या हम इस विधानसभा के रहने वाले हैं तो हमारी इस विधानसभा का ही रहने वाला प्रत्याशी होना चाहिए। बाहरी प्रत्याशी को हम वोट नहीं देंगे या यूं कहे कि हम बाहरी प्रत्याशी का बाय कोर्ट करेंगे लेकिन क्या सच में हम अपने देश के प्रति संजीदा हैं? क्या सच में हम अपने देश को आगे बढ़ता देखना चाहते हैं? लेकिन ऐसे ही सवालों के बीच मन में विचार बना क्यों ना इस विषय में लिखा जाए तो आज हम आपको बताएंगे कि हमारे देश के लोग आज कैसे विदेश में उच्चासीन पदों पर तैनात है और वहां पर उनका यह कहकर विरोध नहीं किया जाता कि यह हमारे देश के नहीं है। यह हमारे लोकसभा के नहीं है। हमारे विधानसभा के नहीं है। बल्कि विदेशों में तो वह लोग वहां की आम जनता यह कहती है कि कि यह बेहतर प्राइम मिनिस्टर मिला है। यह बेहतर नेता मिला है, अब हमारा देश आगे बढ़ेगा। लेकिन वहीं दूसरी तरफ हम अपने ही देश में रहते हुए बाहर के लोकसभा से बाहर विधानसभा से बाहर से आए हुए प्रत्याशियों का विरोध करते हैं तो ऐसे में एक बात तो साफ हो ही जाती है कि हम अपने देश के साथ ही अपना नुकसान करने में भी लग जाते हैं।हालांकि हमारे देश में आज भी जाति बिरादरी के नाम पर वोट दिया जाता है। जाति बिरादरी के नाम पर हम शायद यह भी भूल जाते हैं। कि हमारे देश का विकास हमारी विधानसभा या लोकसभा का विकास कौन प्रत्याशी बेहतर कर सकता है। और इसी के चलते हम केवल जाति बिरादरी के नाम पर वोट देते रहते हैं।अपनी विधानसभा और लोकसभा को गर्त में धकेलना का काम करते हैं। शायद ही यह सोच पाते कि यह लोकसभा का प्रत्याशी या विधानसभा का प्रत्याशी जब जीतकर आएगा तो हमारे क्षेत्र का कितना विकास करेगा। शायद ही यह दिमाग से निकल जाता है। तो आज हम आपको बताएंगे कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं और वह भारतीय मूल के निवासी हैं। लेकिन उच्च आसींद पद पर तैनात ऋषि सुनक आज हमारे भारत देश का नाम रोशन कर रहे हैं। वही इससे पहले भी विदेशों में शीर्ष पदों पर भारतीय मूल के नेता रह चुके हैं।

**लेखकः– विजय सिंह (पूर्व प्रधान) ग्राम पंचायत दौलतपुर कला, ग्राम हाकमपुर, जनपद अमरोहा**

## कुल शरीफ के साथ संपन्न हुआ दरगाह शाह विलायत का उर्स

**अमरोहा :** शहर की दरगाह शाह विलायत में चल रहा 681वां उर्स शुक्रवार को कुलशरीफ की रस्म के साथ संपन्न हो गया। आखिरी दिन सैकड़ों की संख्या में पहुंचे जायरीनों ने शाह के आस्ताने पर हाजिरी पेश करते हुए अकीदत का इजहार किया। सदर विधायक महबूब अली समेत कई दरगाह के सज्जादनशीन, अफसरों व सियासी, समाजी लोगों ने मजारे मुबारक पर चादरपोशी की। मुल्क में अमन व कौम की सलामती के लिये अल्लाह की बारगाह में उठे हजारों हाथों ने दुआ में इत्तेहाद ओर इत्तेफाक का पैगाम दिया। अकीदतमंद लोगों में तबर्रूक का भी वितरण किया गया।

## तीन बच्चों के पिता ने फेसबुक पर गाजियाबाद की छात्रा से की दोस्ती

**अमरोहा :** शहर निवासी तीन बच्चों के पिता ने खुद को अविवाहित बता कर गाजियाबाद निवासी छात्रा से फेसबुक पर दोस्ती कर ली। नजदीकी बढ़ने पर प्रेम जाल में फंसा लिया। युवती को उसके शादीशुदा होने की जानकारी हुई तो उसने बात करनी बंद कर दी। अब युवक उसे कॉल कर परेशान कर रहा है। बड़ी बहन को फोन कर तेजाब उड़ेलने की धमकी दी। इतना ही नहीं बदनाम करने की नियत से फेसबुक पर छात्रा का फोटो लगाकर एक फेक आईडी भी बना ली। परेशान पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी युवक को तलाश कर रही है।

गाजियाबाद की एक कॉलोनी निवासी छात्रा गुरुवार दोपहर महिला अधिवक्ता व भाई के साथ शहर कोतवाली पहुंची। उसने शहर के मोहल्ला बड़ा दरबार में महल वाली गली निवासी एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। छात्रा का आरोप है कि 2023 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती शहर निवासी युवक से हुई थी। दोनों के बीच बात होने लगी, दोस्ती के बाद नजदीकी बढ़ती चली गई। बातचीत में युवक ने खुद को अविवाहित बताया। एक दूसरे के मोबाइल नंबर भी ले लिए और फिर कॉल पर भी बात होने लगी। इसी बीच छात्रा को पता चला कि युवक पहले से शादीशुदा है और वह तीन बच्चों पिता भी है, इस पर उसने बात करना बंद कर दिया। आरोप है कि अब युवक ने छात्रा के नाम से फेसबुक पर फेक आइडी बना ली है। उसके फोटो एडिट कर बदनाम कर रहा है।

छात्रा के रिश्तेदारों को कॉल कर उसका अपहरण करने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं छात्रा पर तेजाब डालने की धमकी भी दी है। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# न्यायालय का फैसला आने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा

**अमरोहा :** वाराणसी में ज्ञानवापी प्रकरण में न्यायालय का फैसला आने के बाद शुक्रवार को जिला पुलिस–प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास समेत अन्य सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती रही। खुद डीएम और एसपी ने भी आरएएफ के साथ पैदल मार्च किया। आम लोगों से कानून व्यवस्था को कायम रखने की अपील की।

पूरा मामला दो वर्गों से जुड़ा होने के कारण शुक्रवार को सुबह से ही अमरोहा में पुलिस–प्रशासन सतर्कता बरतता दिखा। जुमे की नमाज के दौरान विशेष निगरानी की गई। शहर से लेकर गांव तक जिम्मेदार अफसर क्षेत्र का दौरा करते रहे। खुद डीएम राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी शहर में पैदल मार्च किया। जिम्मेदार अफसरों से पल–पल की अपडेट भी ली। सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सनोज प्रताप सिंह व आरएएफ बल शहर में अलर्ट रहा। आम लोगों से कानून व्यवस्था को कायम रखने की अपील अफसरों ने की। पुलिस अफसरों के मुताबिक ज्ञानवापी मामले को लेकर जिले में कहीं भी कोई विरोध सामने नहीं आया है। जुमे की नमाज भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है।



जिला पुलिस–प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास समेत अन्य सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती रही। खुद डीएम और एसपी ने भी आरएएफ के साथ पैदल मार्च किया। आम लोगों से कानून व्यवस्था को कायम रखने की अपील की।



# यूपी में फिर बिगड़ा मौसम का मिजाज, हवाओं के साथ हुई बारिश



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में रविवार से मौसम का मिजाज फिर बिगड़ा है। कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र ने पूर्वी, पश्चिमी और बुन्देलखंड अंचलों के ज्यादातर हिस्सों में बारिश या गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई थी। कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। राज्य के कुछ हिस्सों में सोमवार से मंगलवार के बीच भी ऐसा ही मौसम रहने की उम्मीद है।

रविवार से सोमवार के बीच आगरा, मथुरा, मेरठ, प्रयागराज और आसपास के इलाकों में ओले पड़ने की ऑरेंज वार्निंग जारी की गयी है। वहीं लखनऊ सीतापुर, वाराणसी और आसपास के इलाकों में वज्रपात की आशंका है।अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के अनुसार शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव प्रदेश पर पड़ने लगा है। इसी क्रम में पछुआ का क्रम टूटा और हवा पुरवा चलने लगी। लखनऊमें पछुआ हवा ने रात का पारा गिराया। बीती रात न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो बीते दिनों के मुकाबले दो डिग्री कम रहा। शाम को बादलों की आवाजाही रही। पश्चिमी विक्षोभ का असर सोमवार तक जारी रहेगा। इस दौरान बिजली कड़कने के साथ तेज हवाएं चलेंगी। कई जगहों पर ओले गिरने के आसार हैं।

पूर्वी यूपी में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। शनिवार को बादल और सूरज के बीच में दिनभर आंख मिचौली चली। उधर, रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया। मौसम विभाग ने शनिवार को आसमान में बादलों की मौजूदगी व बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जारी किया था। शनिवार को बादल आए जरूर लेकिन घनत्व कम रहा। बादलों की मौजूदगी में भी सूरज की तपिश कायम रही। अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार के मुकाबले रात के तापमान में इजाफा हुआ। शनिवार को रात का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार को यह 9 डिग्री सेल्सियस था।

## पशुपालन विभाग की टीम ने गांव जाकर किया पशुओं का टीकाकरण

**चन्दौसी,** कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पलथा मिठठनपुर में पशुओं में खुररपका, मुंहपका व गलाघोटू की बीमारी फैल रही है।

इसके बाद दूसरे दिन शनिवार को पशुपालन विभाग की टीम गांव पहुंची और गांव के सभी पशुओं का टीकाकरण किया। गांव पलथा मिठनपुर में पशुओं में खुररपका, मुंहपका व गलाघोटू की बीमारी फैल रही है। जिससे तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। जबकि 12 से अधिक पशु इसकी चपेट में आकर बीमार हैं। इसको लेकर ग्रामीण काफी चिंतित थे। इसके बाद शनिवार को पशुपालन विभाग की टीम गांव पहुंची और गांव के सभी पशुओं का टीकाकरण किया और बीमार पशुओं को उपचार किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी अजय कुमार ने बताया कि सभी पशुओं का टीकाकरण कर दिया गया है। चार पशु ठंड के कारण बीमार थे उनका उपचार कर दवा दी गई है। टीम गांव पहुंची और गांव के सभी पशुओं का टीकाकरण किया। गांव पलथा मिठनपुर में पशुओं में खुररपका, मुंहपका व गलाघोटू की बीमारी फैल रही है।

## संक्षेप खबरें

### सम्भल जनपद में संविदा पर चार पदों के लिए आवेदन

**संभल।** जिला न्यायालय में संविदा पर चार पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जिसमें चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का 01 पद, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का 02 के पद हैं। उक्त के लिए पात्र उम्मीदवार 15 फरवरी, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं' प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदित्य सिंह संभल स्थित चन्दौसी ने यह 'जानकारी दी। बताया कि इच्छुक उम्मीदवार जिला संभल की वेबसाइट **https://sambhal.dcourts.gov.in** व इलाहाबाद हाई कोर्ट की वेबसाइट **www.allahabadhighcourt.in** पर संपर्क कर सकते हैं।

## श्रीराम लला के दर्शनों के लिए पांच हजार भाजपाई 95 बसों से अयोध्या रवाना



**संभल :** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजे श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए शनिवार सुबह को जनपद से 95 बसों में सवार होकर करीब पांच हजार भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता अयोध्या के लिए रवाना हुए। भाजपाइयों ने अयोध्या रवाना होने से पहले श्रीराम का जयघोष किया।

भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनने के बाद तमाम रामभक्त श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। संभल जनपद से भी हजारों रामभक्त अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। भाजपा की तरफ से भी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या लेकर जाया जा रहा है। जिले में अलग–अलग स्थानों से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रीरामलला के दर्शनों के लिए बसों में सवार होकर अयोध्या रवाना हुए। संभल शहर में सरथल चौकी, मोहल्ला ठेर, सरायतरीन, हयातनगर, कोट पूर्वी समेत कई स्थानों से भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता श्रीराम का जयघोष कर अयोध्या के लिए रवाना हुए। वहीं ग्रामीण अंचलों में सिंहपुरसानी, खिरनी, सौंधन, गवां, रजपुरा, बबराला, बहजोई समेत अलग–अलग स्थानों से रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद से 95 बसों में सवार होकर करीब पांच हजार लोगों को अयोध्या भेजा गया है।

## रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने तहसील में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन



**संभल :** तहसील के गांव बमनेटा निवासी ग्रामीण काफी समय से रास्ता बंद होने से परेशान है। वह पिछले काफी समय से संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। शनिवार को ग्रामीणों ने तहसील में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और रास्ता खुलवाने की मांग की।

गांव बमनेटा मे कुछ ग्रामीणों के घर जहां बने हैं। वह बराबर से रेलवे लाइन की दीवार है। पहले दीवार खुली हुई थी तो घरों का पानी इस ओर जाता था। रेलवे ने तीन वर्ष पूर्व दीवार बंद कर दी तो गंदे पानी के निकासी की समस्या होने लगी। दूसरी ओर जिधर गंदा पानी निकाला जा सकता है वहां ग्राम समाज की भूमि है। जिस पर गांव के कुछ ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इसलिए गंदे पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। रास्ता काफी संकरा होने से केवल पैदल निकला जा सकता है। इसको लेकर ग्रामीण परेशान है। वह पिछले तीन साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और संपूर्ण समधान दिवस में शिकायत कर कर रहे हैं, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शनिवार को काफी संख्या में ग्रामीण ट्रेक्टर ट्राली में भरकर तहसील पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

# श्री राम जन्मभूमि का प्रसाद माटी प्रकार अधिकारी गण भी हुए गदगद बोले जय श्री राम

सबका सपना/नवरत्न कुमार शर्मा



सम्भल भारतीय इतिहास संकलन समिति एवं हिंदू जागृति मंच के सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, औषधि निरीक्षक, श्रम निरीक्षक सहित अनेक पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या का पावन प्रसाद माटी भेंट की गई।

अयोध्या भगवान श्री राम जन्मभूमि जाकर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा भगवान राम लला मंदिर की पावन पवित्र माटी प्रसाद सरयू का पवित्र जल एवं प्रसिद्ध भगवा चंदन लेकर लौटे उनके साथ संतोष कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा आदि सहयोगियों ने संभल जनपद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अयोध्या का प्रसाद भेंट किया तो वहीं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, श्रम निरीक्षक, औषधि निरीक्षक, जैसे अनेक विभागों के अधिकारियों को प्रसाद भेंट किया। प्रसाद और रामलला मंदिर की माटी प्राप्त करके अधिकारी गण गदगद हो गए। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की उत्तम व्यवस्थाओं और दिव्य भव्य मंदिर की प्रेरणादाई मनमोहक कथा को सुना और जय श्री राम बोलकर गदगद हो गए। प्रसाद पाकर अपना जीवन धन्य किया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि सभी अधिकारियों ने प्रसाद पाकर अत्यधिक प्रसन्नता गर्व और गौरव व्यक्त किया। हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ता जनपद मुख्यालय बहजोई पहुंचे वहां जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी मनीष बंसल को अपर जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा उप जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर सभी अधिकारियों तथा संबंधित अनेक विभागों के अधिकारियों को अयोध्या की पावन माटी प्रसाद सरयू जल और भगवा चंदन भेंट किया। संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा है कि प्रसाद अधिक से अधिक जितने सदस्यों में वितरित किया जाए उतना ही अधिक पुण्य लाभ प्राप्त होता है। इस निमित्त अपने से संबंधित परिचित अध्यापक अधिवक्ता समाजसेवी अधिकारी गण सभी को श्री राम जन्मभूमि का प्रसाद भेंट किया गया। सभी अधिकारियों ने प्रभु राम की कृपा को शिरोधार्य करते हुए प्रसाद पाकर गदगद मन से जय श्री राम बोलकर अपनी आस्था और श्रद्धा भावना व्यक्त की। प्रसाद वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा का रहा।



## संपूर्ण समाधान दिवस में 197 में से महज 9 शिकायतों का ही निस्तारण

**संभल** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शुमार संपूर्ण समाधान दिवस केवल कागजों में सिमटकर रह गया है। फरियाद लेकर पहुंचने वाले लोगों को दिनभर परेशान होने के बाद निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। अफसर लोगों की शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं कर पा रहे हैं। जनपद में शनिवार को तीनों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 197 शिकायतें आईं। जिनमें से अफसर केवल 9 शिकायतों को ही निस्तारित कर पाए।

चन्दौसी तहसील सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 64 शिकायतें दर्ज कराई गईं। राजस्व विभाग की सर्वाधिक 25, पुलिस की 12, विकास विभाग की 10, चकबंदी की 4, समाज कल्याण की 3 तथा अन्य विभागों की 10 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इसमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों को निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं सदर तहसील सभागार में एडीएम प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 34 शिकायतें आईं। पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग की 3, खाद्य एवं रसद विभाग की 1 और अन्य विभागों की 15 शिकायत आईं। जिनमें से अफसर राजस्व विभाग की ही 3 शिकायतों का निस्तारण कर सके। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अफसरों को निर्देश दिए गए।गुन्नौर। गुन्नौर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम रमेश बाबू व सीओ आलोक कुमार सिद्धू ने शिकायतें सुनीं। यहां राजस्व विभाग की सबसे अधिक 35 शिकायतें आईं। ग्राम विकास विभाग की 3, चकबंदी विभाग से 2, पुलिस विभाग से 18, पूर्ति विभाग से 6, विद्युत विभाग की 2 जबकि एक शिकायत अन्य विभाग की आई।

## खनन माफिया ने गांव के युवक के साथ मिलकर गरीब महिला के खेत से कर डाला खनन



**बहजोई/संभलः**–बहजोई क्षेत्र के गांव मुलहेटा की रहने वाली महिला ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाइ हैं। साथ ही शिकायती पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से कहा है कि वह गरीब और कमजोर है। गांव के ही एक दबंग व्यक्ति राहुल के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के ठेकेदारों के साथ मिलकर मेरे खेत से मेरी बिना जानकारी के खनन कर दिया गया है। वही लगातार महिला व उसके पति को दबंगों द्वारा धमकी मिल रही है।

जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए मिट्टी की आवश्यकता है। जो मिट्टी ठेकेदारों के द्वारा लगातार हाईवे निर्माण के लिए मिट्टी की खरीद फरोक्त हो रही है। वहीं जनपद संभल के बहजोई के गांव मुलहेटा की रहने वाली महिला को जब गांव के ही अन्य लोगों ने बताया कि क्या आपने भी अपने खेत से मिट्टी उठवाई है तो महिला ने ना कहा लेकिन ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आपके खेत से खनन जारी है। जिस पर महिला खेत पर पहुंची। जहां पीड़ित महिला को ठेकेदारों के द्वारा धमकाया गया कहा गया कि हमें तो राहुल ने मिट्टी उठाने के लिए बुलाया है और हम मिट्टी उठा रहे हैं। आप राहुल से बात कीजिए। राहुल को जब महिला व उसके पति कमल सिंह ने बातचीत के लिए बुलाया तो उसने कहा कि हां मैंने मिट्टी उठवा दी आपसे जो बिगड़े आप मेरा बिगाड़ लीजिए। लेकिन गरीब व कमजोर होने के कारण महिला ने कहा कि भैया आपने मिट्टी तो उठा दी लेकिन आप इस जमीन को प्लेन ही कर दीजिए लेकिन राहुल के द्वारा साफ तौर पर इंकार कर दिया गया। वहीं जब पीड़ित महिला ने इंसाफ के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने शुरू किया तो अधिकारियों के द्वारा भी पीड़ित महिला व उसके पति कमल सिंह को इधर से उधर टरकाया गया। मजबूरन महिला व उसके पति के द्वारा शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया गया है। जिलाधिकारी से कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं महिला के द्वारा बताया गया की गंगा एक्सप्रेस के ठेकेदार सुनील भाटी भूपेंद्र इरशाद व राहुल के द्वारा उन्हें लगातार अभी भी धमकियां मिल रही है कि आप पर झूठा मुकदमा दर्ज कर देंगे जिससे महिला भयभीत है।

## झोलाछाप डॉक्टरों के आगे बेबस सिस्टम




**बग़ैर रजिस्ट्रेशन के सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के आधिकारी कार्यवाही भी करते हैं लेकिन उसके बाद भी ऐसे हॉस्पिटलों पर लगाम कसना अधिकारियों के लिए भी एक मुश्किल बन चुका है।**

**संभल/बहजोईः** हर जगह झोलाछाप डॉक्टर का कारोबार खूब फल फूल रहा है। कोई 6 महीने साल 2 साल किसी मेडिकल पर रह जाए तो वह अपने आप को डॉक्टर कहलाने लग जाता है। इतना ही नहीं अपना एक अस्पताल भी डाल लेता है या यू कहे कि अपनी कोई छोटी–मोटी दुकान डाल लेता है। काफी जगह देखा गया है कि किसी को तो पूर्वजों से ही यह कारोबार उपहार में मिला हुआ है। इसमें संदेह नहीं है कि आज हॉस्पिटलों की स्थिति गांव से लेकर शहर तक जगह–जगह बग़ैर रजिस्ट्रेशन के सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के आधिकारी कार्यवाही भी करते हैं लेकिन उसके बाद भी ऐसे हॉस्पिटलों पर लगाम कसना अधिकारियों के लिए भी एक मुश्किल बन चुका है।

आज बात कर रहे हैं संभल जनपद के बहजोई की जहां जिले के सभी कार्यालय भी है लेकिन ऐसे में भी अधिकारियो की नाक के नीचे बहजोई में बेहटा जय सिंह बाईपास चौराहे पर आस्था हॉस्पिटल के नाम से एक हॉस्पिटल संचालित है जो मरीजो के साथ रात दिन खिलवाड़ करने में जुटा हुआ है। इतना ही नहीं हॉस्पिटल में कोई भी डिग्री धार डॉक्टर नहीं है और धडलले के साथ हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। अब सवाल उठता की आम आदमी की जेब पर लगातार ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा डाका डाला जा रहा है। हालांकि इतना ही नहीं ऐसे झोलाछाप डॉक्टर जगह–जगह हॉस्पिटल खोलकर बैठे हैं। मरीज को चाहे उल्टी हो या दस्त खांसी हो या बुखार या फिर कोई अन्य बीमारी मरीज को डर दिखाकर हालत बिगड़ने की बात कहकर मरीज को अन्य हॉस्पिटलों के लिए रेफर कर दिया जाता है और बीच में एक मोटी रकम कमीशन के तौर पर कमाई जाती है अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक आम आदमी की जेब पर इस तरीके से ही यह झोलाछाप डॉक्टर डाका डालते रहेंगे या फिर कुछ बदलेगा भी

# खजूर के पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव



**संभल :** थाना बनियाठेर के गुमथल गांव के जंगल में रेलवे लाइन किनारे ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला है। इससे ग्रामीणों व पुलिस में हड़कंप मच गया। मृतक शुक्रवार शाम से घर से था गायब। सूचना मिलने पर बनियाठेर पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंच गई। बनियाठेर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था।

गांव गुमथल के जंगलों में मुरादाबाद–चन्दौसी रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव खजूर के पेड़ से लटका हुआ था। उधर से गांव का एक युवक गुजरा तो वह शव को देखकर सन्न रह गया। शव उसी के गांव के संजू दिवाकर उर्फ संजू (40) पुत्र मोहरसिंह का था। युवक ने तुरंत परिजनों को इस बारे में बताया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक संजीव के भाई आशीष ने बताया कि संजीव गांव आटा स्थित प्लाईवुड की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार को वह काम पर नहीं गया था और शाम चार बजे परिजनों से शौच जाने को कहकर घर से निकला आया था, लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी रात भर तलाश की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो शनिवार की सुबह परिजन थाने में संजीव की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे थे। इसी दौरान युवक ने घर आकर संजीव का शव खजूर के पेड़ से लटके होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष बनियाठेर मोहित काजला, जीआरपी थानाध्यक्ष राजदेव पूनिया, आरपीएफ के जवान व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। टीम मौके पर जांच की और साक्ष्य जुटाए। थाना बनियाठेर पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई आशीष ने बताया कि भाई संजू मानसिक रुप से बीमार रहते थे। उसका दस वर्ष से बरेली बरेली में इलाज चल रहा था, पहले से काफी फायदा था। मृतक पांच भाईयों से सबसे बड़ा था। वह अपने पीछे परिवार के अलावा पत्नी वीरवाला व बेटे जतिन 12 वर्ष, भानू 10 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा चलाया गया चैकिंग अभियान



**संभल /यूपीः** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के जागरूक अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्राइवेट बस स्टैंड मुरादाबाद रोड पर वाहन स्वामियों , चालको ,परिचालकों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई । जिसमे ड्राइवरो को लो बीम, हाई बीम,फुटबोर्ड पर सवारी न खड़ा करना ,छत पर सवारी न बैठाना आदि जानकारी दी गई।

इसी क्रम में थाना प्रभारी बहजोई एवम यातायात प्रभारी द्वारा बस स्टैंड पजाया बहजोई पर अवैध रूप से खड़े वाहनों का चालान एमवी एक्ट के अंतर्गत किया गया एवम हिदायत दी गई की बस स्टैंड पर कोई भी अपना निजी वाहन खड़ा नही करेगा ।चेकिंग अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा मोडिफाइड साइलेंसर,बिना हेलमेट,बिना लाइसेंस, तीन सवारी, नो पार्किंग आदि 104 वाहनों के चालान एमवी एक्ट के अंतर्गत किए गए । यातायात प्रभारी अनुज मलिक द्वारा आम जनमानस से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई ।

# अयोध्या में रामभक्तों का पहुंचना जारी, देश के कोने-कोने से आएंगी आस्था ट्रेन






**अयोध्याः** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामभक्तों का रामनगरी पहुंचना जारी है। हर रोज लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। 23 जनवरी को तो रामलला के दर्शन के लिए इतने भक्त उमड़ पड़े कि प्रशासन को उन्हें काबू करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा।

**आस्था ट्रेनों का अयोध्या पहुंचना शुरूः** अब इसके बाद रेलवे ने भी रामभक्तों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाना शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को राजस्थान से अयोध्या के लिए दो आस्था ट्रेन अयोध्या धाम जंक्शन पहुंची। इन दोनों ट्रेनों में हजारों रामभक्त राजस्थान से रामलला के दर्शन करने आये। बता दें कि राजस्थान से 5 आस्था ट्रेन अयोध्या आएंगी, जिसमें लगभग 7 हजार रामभक्त होंगे। वहीं फरवरी और मार्च में रेलवे देशभर से करीब 1 हजार आस्था ट्रेन अयोध्या पहुंचेंगी। देश के हर कोने से आस्था ट्रेन में करीब दस से बारह लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेगे और राम मंदिर में बालक राम के दर्शन करेंगे। आस्था ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं के रहने और खाने की व्यवस्था श्रीरामजन्माभूमि तीर्थ क्षेत्र में फ्री में टेंट सिटी में की गई है। बता दें कि 23 जनवरी से राममंदिर आम भक्तों के लिए खोला गया है। इसके बाद 23 जनवरी को करीब पांच लाख, 24 जनवरी को ढाई लाख, 25 जनवरी को दो लाख, 26 जनवरी को साढ़े तीन लाख, 27 जनवरी को ढाई लाख, 28 जनवरी को सवा तीन लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं 29 जनवरी को भी तीन लाख से ज्यादा रामभक्तों के अपने रामलला के दर्शन करने की संभावना है।

> 23 जनवरी से राममंदिर आम भक्तों के लिए खोला गया है। इसके बाद 23 जनवरी को करीब पांच लाख, 24 जनवरी को ढाई लाख, 25 जनवरी को दो लाख, 26 जनवरी को साढे तीन लाख, 27 जनवरी को ढाई लाख, 28 जनवरी को सवा तीन लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

## मेरठः पुलिस दरोगा पर गोली चलाने वाला ईनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर, एक सिपाही भी घायल

**मेरठः** उत्तर प्रदेश में बदमाशों को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि बदमाश या तो बदमाशी छोड़ दें या फिर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। इसी क्रम में शनिवार को मेरठ में पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। जानकारी के अनुसार, जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में दरोगा को गोली मारने के आरोपी और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है।

मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि 22-23 जनवरी की दरमियानी रात पुलिस उप निरीक्षक मुनेश कुमार को गोली मारकर फरार होने के आरोपी विनय वर्मा की शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से उपचार के दौरान मौत हो गयी। उन?होंने बताया कि जनवरी में कंकरखेडा थाना क्षेत्र के एच.आर.मंडप के सामने से तीन बदमाशों ने एक गाड़ी को लूट लिया था और जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी की। सजवाण ने बताया कि इस गोलीबारी में चौकी इंचार्ज मुनेश कुमार को सीने में गोली लगी थी लेकिन किसी तरह उनकी जान बच गई। इसके बाद विनय वर्मा और अनुज पर 25-25 हजार रुपये का इनाम मेरठ पुलिस ने घोषित किया। दो अभियुक्तों विनय वर्मा और नरेश सागर को गिरफ्तार किया जो बस से आगरा भागने की फिराक में थे। एसएसपी के मुताबिक पुलिस की टीम विनय वर्मा को घटना में प्रयुक्त असलाह बरामद करने के लिए उसके बताए ठिकाने पर ले गई। वर्मा ने भागने की कोशिश की और अर्ध स्वचालित हथियार से सिपाही सुमित चपराणा पर गोली चला दी।

## संक्षेप खबरें

### अब राजस्थान में हिजाब पर लगेगा बैन, सीएम भजनलाल के सामने मुद्दा रखेंगे किरोड़ी लाल मीणा



**नई दिल्ली :** कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि हिजाब और बुर्का पर प्रतिबंध बेहद ज़रूरी है। कई मुस्लिम देशों में जब हिजाब पर प्रतिबंध है तो यहां क्यों हिजाब रहे। उन्होंने कहा कि हिजाब के ख़िलाफ़ भजन लाल सरकार एक्शन लेगी। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा प्रदेश में हिजाब बंद हो, इसके लिए मुख्यमंत्री से मांग करूंगा। स्कूलों में ड्रेस कोड ही रहेगा और हिजाब पहनकर आना ग़लत है। किरोड़ी लाल मीणा ने प्रमुखता से कहा कि प्रदेश में हिजाब को बंद कराएंगे।

'स्कूल में जो ड्रेस कोड का पालन हो' हिजाब के मुद्दे पर किरोड़ी लाल ने कहा कि मुस्लिम समाज में धर्म की कट्टरता है और कांग्रेस इसका तुष्टीकरण करती है जिसके कारण ये आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इनमें शिक्षा की कमी है। शिक्षा का प्रसार होना चाहिए और मुस्लिम समाज को अपनी सोच प्रगतिशील रखनी चाहिए बल्कि उनकी सोच अपराध में ज्यादा जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो ड्रेस कोड लागू होता है, उसकी पालना होनी चाहिए।

### लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के 13 ठिकानों पर छापेमारी, 7 आरोपी गिरफ्तार



**फलौदीः** राजस्थान पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इन दोनों गैंग से जुड़े कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फलौदी पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर कुल 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान सभी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। फलौदी के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने अपराधियों के खिलाफ हुई इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इनकी गिरफ्तारी के लिए कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

दरअसल, राजस्थान पुलिस ने फलौदी जिले के विभिन्न स्थानों से लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। वहीं इस मामले को लेकर फलौदी के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार सुबह लोहावट, भोजासर और मटोरा समेत कई इलाकों के 13 ठिकानों पर छापेमारी की।

## मलिहाबाद में 3 लोगों की हत्या के आरोपी लल्लन खान और फराज गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट में होगी कार्रवाई



**लखनऊ** यूपी के लखनऊ से बड़ी खबर सामने आई है। जमीन विवाद में लखनऊ के मलिहाबाद इलाके में शुक्रवार को तीन लोगों की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई थी, इसी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी सिराज अहमद उर्फ लल्लन खान और उसके बेटे फराज अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। ये जानकारी पुलिस उपायुक्त पश्चिमी पीसी राहुल राज ने दी है।

दोनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई होगी। सिराज पर 18 मुकदमे दर्ज हैं और बेटे फराज पर एक मुकदमा दर्ज है।सिराज के पास पोलैंड का पार्सपोर्ट है। पुलिस ने एयरपोर्ट पर अलर्ट कर दिया था। फिर पता चला कि बाप-बेटे उत्तराखंड के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में थे।

**70 साल की उम्र में लल्लन खान ने किया कांड**

जो उम्र आराम करने की होती है, उस उम्र में लल्लन खान ने अपराध को अंजाम दिया। लल्लन खान की उम्र 70 साल है और उसने गोलीकांड करके यूपी में तहलका मचा दिया। हैरानी की बात ये है कि उसके पास पासपोर्ट और लाइसेंसी हथियार भी है, जबकि वह पुरान हिस्ट्रीशीटर रहा है।

अब इस एंगल से भी जांच हो सकती है कि एक हिस्ट्रीशीटर का इसके मुकदमों के बाद भी लाइसेंस कैसे रिन्यू होता रहा और उसके पास पासपोर्ट कैसे निकला। बता दें कि लल्लन ने अपने ही तीन रिश्तेदारों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इसका सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है, जिसमें लल्लन फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है।

## 2 लाख रुपये का लालच देकर हिंदुओं को बनाते थे ईसाई, जालौन में धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफाश



**जालौन :**उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में माधौगढ़ पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस रैकेट से जुड़े 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग पैसों का लालच देकर हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई बनाते थे। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला माधौगढ़ थाना क्षेत्र के खुदातपुरा का है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा पुलिस को ये सूचना दी गयी कि बाहर से आये लोग हिंदू समाज के लोगों को रुपयों का लालच देकर धर्मांतरण करने का हवाला दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम खुदातपुरा में केरल प्रांत से आये ईसाई समाज के लोग, जो कि हरनारायण पुत्र धनीराम के सम्पर्क में भी थे और यह लगातार हिंदू समाज को पैसों का लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन कर रहे थे। इतना ही नहीं कई परिवारों को कई प्रकार का लालच देकर धर्म परिवर्तन कर हिंदू समाज से ईसाई बनाने का काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इनका मकसद यह है कि ईसाई बन जाओ और जीसस को मानने लगो। जबकि यह लोग धर्मान्तरण को बढ़ावा देने से लिए अच्छा खासा प्रलोभन भी देते हैं पुलिस ने बताया कि ये लोग धर्म परिवर्तन करने के लिए दो लाख रुपये और अतिरिक्त व्यवस्था देने की बात कहते हैं। जिससे लोग प्रलोभन में आकर हिंदू धर्म त्यागकर ईसाई धर्म अपना लें। सूचना मिलने पर पुलिस ने मध्य प्रदेश नंबर की बुलोरो (टढ-07-उऊ-9650) जिससे 100 बाइबिल, क्रॉस, ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तकें आदि बरामद हुई हैं। माधौगढ़ सीओ शैलेन्द्र बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि ये लोग पैसों का लालच देकर हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई बनाते थे जिसमें 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अभ पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चियों का अपमान करने वाले शिक्षकों-अधिकारियों की सम्पत्ति पर चलेगा बुलडोजर, कोटा में शिक्षा मंत्री ने दी वॉर्निंग

**राजस्थान** के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में कहा है कि बच्चियों का अपमान करने वाले शिक्षकों अधिकारियों की सम्पत्ति पर बुलडोजर चलाया जाएगा। फिर चाहे मुझे फांसी ही हो जाये। कोटा में छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ये बयान दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि गलत आचरण करने वाले शिक्षकों को बर्खास्त किया जाएगा। इसके बाद उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ये चेतावनी दी है कि शिक्षा विभाग को शर्मसार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

राजस्थान की सरकारी स्कूलों में अब गलत आचरण करना शिक्षकों को भारी पड़ने वाला है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ न केवल निलंबन की कार्रवाई होगी बल्कि निलंबन के साथ उनकी संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज एक सरकारी स्कूल के कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान ऐसे शिक्षकों को स्पष्ट हिदायत दे दी है, जिनका आचरण शिक्षा विभाग को शर्मसार करता है। दिलावर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि ऐसे शिक्षकों को नहीं छोड़ूंगा। साथ ही ऐसे शिक्षकों के सिफारसी अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं मदन दिलावर ने यहां तक कहा कि चाहे ऐसे नियमों की अवहेलना के लिए मुझे किसी भी तरह से फांसी तक चढ़ा दिया जाए, लेकिन मैं ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करके रहूंगा।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि ऐसा गलत आचरण बर्दाश्त के योग्य नहीं है। निलंबन के साथ ऐसे शिक्षकों को बर्खास्त भी किया जाएगा। दिलावर ने इस दौरान परबतसर में शिक्षक के शराब पीकर डांस करने की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि उस शिक्षक को हटा दिया गया है और उसे पर कार्रवाई कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में अपने तल्ख़ तेवर दिखाते हुए मदन दिलावर ने कहा कि स्टूडेंट के साथ दुराचार करने वाले, गलत आचरण करने वाले टीचर्स को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

## दुष्कर्म के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद बरी



**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद को गुरुवार को रेप के मामले में बरी कर दिया। अदालत ने चिन्मयानंद को एक शिष्या के साथ यौन शोषण के मामले में साक्ष?य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के अधिवक्ता फिरोज हसन खान ने पीटीआई-भाषा को गुरुवार को बताया कि स्थानीय एमपी/एमएलए अदालत के अपर जिला न्यायाधीश एहसान हुसैन ने आज मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में स्वामी चिन्मयानंद को बरी कर दिया।

बता दें कि शाहजहांपुर शहर में ही स्थित मुमुक्षु शिक्षा संस्थान के डीन और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पर उन्हीं के कॉलेज में पढ़ाने वाली उनकी एक शिष्या ने यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया था। पीड़िता ने अपनी तहरीर में स्वामी चिन्मयानंद पर दुराचार का आरोप लगाया था, जिसका मामला शहर कोतवाली पुलिस ने 30 नवंबर 2011 को दर्ज किया था। मामले की विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था, जिसके बाद सुनवाई चल रही थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में 6 गवाह अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए और शासकीय अधिवक्ता नीलिमा सक्सेना ने भी बहस की है। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से चिकित्सक और पीड़िता के अलावा रिपोर्ट दर्ज करने वाले लेखक खुर्शीद और रेडियोलाजिस्ट एमपी गंगवार और बीपी गौतम ने गवाही दी है।

## कोर्ट ने दी राज्यसभा सांसदी की शपथ लेने की इजाजत



**नई दिल्ली।** नेता संजय सिंह को बहुत बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने हिरासत में संजय सिंह को सांसदी की शपथ लेने की इजाजत दे दी है। 5 फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में संजय सिंह को शपथ लेने की इजाजत मिल गई है। जेल अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक संजय सिंह को संसद ले जाने का निर्देश दिया गया है। ईडी ने सिंह को पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। संजय सिंह पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए दिल्ली से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे।

बता दें कि आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत की मांग करते हुए गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत का रुख किया था। इसके बाद विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने संजय सिंह की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करके केंद्रीय जांच एजेंसी को 3 फरवरी तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। संजय सिंह ने इस अर्जी में 4 से 10 फरवरी तक अंतरिम जमानत का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा था, ''यह पाया गया है कि मुख्य मामला पहले से ही 3 फरवरी, 2024 को अदालत के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इस अर्जी पर ईडी के जांच अधिकारी, विशेष लोक अभियोजक को नोटिस जारी किया जाता है।'' गौरतलब है कि अदालत ने पिछले साल 22 दिसंबर को संजय सिंह की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी वह ''अपराध से अर्जित दो करोड़ रुपये की आय'' से जुड़े थे और उनके खिलाफ मामला ''वास्तविक'' है। बता दें कि ईडी ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को आर्थिक लाभ हुआ। सिंह ने आरोपों से इनकार किया है। आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

### जयपुर के नामी होटल में तेंदुआ घुसने से मचा हड़कंप, रूम में मचाया उपद्रव

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के एक होटल में तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जयपुर के निजी कैसल कानोता हेरिटेज होटल में तेंदुआ घुस गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे वहां से निकाला गया। हालांकि होटल के किसी स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह 9:40 बजे एक नाटकीय घटनाक्रम में जयपुर के कैसल कानोता हेरिटेज होटल में एक तेंदुआ घुस गया। होटल में मौजूद पर्यटकों को तुरंत बाहर निकाला गया।होटल के कर्मचारियों, स्थानीय अधिकारियों और वन्यजीव बचाव टीमों ने तेंदुए को शांत करने के लिए दो घंटे से अधिक समय तक अथक प्रयास किया। यह मुश्किल तब शुरू हुई जब होटल में कुत्ते अचानक भौंकने लगे।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद 25 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। 11 दिनों में करीब 25 लाख श्रद्धालुओं ने नये मंदिर में भगवान श्रीराम का दर्शन-पूजन किया और 11 करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से यह जानकारी दी गयी। मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पिछले 11 दिनों में दान पेटियों में करीब आठ करोड़ रुपये जमा हुए हैं, जबकि चेक और ऑनलाइन के जरिए करीब 3.50 करोड़ रुपये की धनराशि मिली है।

उन्होंने बताया कि भव्य मंदिर के गर्भगृह के सामने चार बड़े आकार की दान पेटियां रखी गई हैं, जिनमें श्रद्धालु राशि जमा कर रहे हैं। इसके अलावा 10 कम्प्यूटरीकृत काउंटरों पर भी लोग दान राशि जमा करते हैं। उन्होंने बताया कि दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने के बाद प्राप्त दान राशि का हिसाब ट्रस्ट कार्यालय में जमा करते हैं। गुप्ता ने बताया कि चार दान बक्सों में आए चढ़ावे की गिनती 14 लोगों की एक टीम करती है। उन?होंने कहा कि दानराशि जमा करने से लेकर उसकी गिनती तक सब कुछ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जाता है।

**योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश**

वहीं, आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सीएम योगी ने साफ कहा है कि राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर जहां भी दर्शनार्थी हों कतारबद्ध खड़े हों, भीड़ न लगे। उन्होंने कहा कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु कतार चलायमान रहें और बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

## दूल्हे की दादी से मांगी कुर्सी तो निकाह के पांच घंटे बाद ही हो गया तलाक

**बुलंदशहरः** भारत में शादी या निकाह केवल दो लोगों में नहीं बल्कि दो परिवारों में होना माना जाता है। शादी तो वर-वधि के बीच होती है लेकिन रिश्ते दो परिवारों के बीच जुड़ते हैं। शादी के दिन दोनों परिवारों के लोग खुशी-खुशी इस समारोह में शामिल होते हैं। लेकिन कई बार शादी समारोह में कुछ ऐसा हो जाता है कि शादी टूटने की कगार पर पहुंच जाती है।

> शादी तो वर-वधि के बीच होती है लेकिन रिश्ते दो परिवारों के बीच जुड़ते हैं। शादी के दिन दोनों परिवारों के लोग खुशी-खुशी इस समारोह में शामिल होते हैं। लेकिन कई बार शादी समारोह में कुछ ऐसा हो जाता है .

ऐसा ही कुछ हुआ उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में। यहां 27 जनवरी को एक निकाह होना तय हुआ। वधु पक्ष बुलंदशहर के औरंगाबाद का रहने वाला था तो वर पक्ष दिल्ली के सीलमपुर का था। सब लोग खुश थे। तय समय पर बारात औरंगाबाद के एक मैरिज हॉल में पहुंची। बारातियों ने खाना खाया।

खाने-पीने के कार्यक्रम के बाद काजी ने दूल्हा-दुल्हन को निकाह पढ़ाया। यह तक तो सब ठीक था। इसके बाद दूल्हे की दादी से वधु पक्ष के किसी व्यक्ति ने कुर्सी मांग ली। दूल्हे की दादी को यह बात नागवार गुजरी कि उनसे किसी ने कुर्सी कैसे मांग ली। यह उन्हें अपना अपमान लगा। फिर क्या था, बवाल शुरू हो गया। बवाल इतना बढ़ा कि अभी चंद घंटे पहले, जहां काजी ने निकाह पढ़ाया था, वहां अब तलाक की नौबत आ गई। वहीं, जब वधु पक्ष को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मैरिज होम में अंदर से ताला जड़ते हुए दूल्हे समेत बारातियों को बंधक बना लिया। हालांकि दूल्हे पक्ष द्वारा शादी में हुए खर्च अदा करने की बात पर दोनों पक्षों में सहमति बनी और तलाक़ के बाद बारात वापस दिल्ली लौट सकी।

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें -94568843327

# माता–पिता के सामने नाबालिग से गैंगरेप मामले में चला बुलडोजर

**ग्वालियर:** जिले के भंवरपुरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ आरोपियों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। वहीं अब इस मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही साथ ही आज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार हुए आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया है। पुलिस ने अवैध रूप से बने तीन मकानों को तोड़कर कुल 20 बीघा जमीन कब्जे से मुक्त कराई है। वहीं पीड़िता के परिवार के गांव छोड़ने की बातों का खंडन करते हुए पुलिस ने कहा है कि पीड़ित पक्ष पुलिस की निगरानी में है और उनकी पूरी मदद की जा रही है।

दरअसल, कट्टे की नोक पर नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ गैंगरेप का मामला काफी सुर्खियों में है। इतना ही नहीं इस मामले को लेकर प्रदेश की मोहन सरकार भी सवालों के घेरे में है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने बंटी गुर्जर, संजीव गुर्जर,




आकाश गुर्जर और गुड्डा गुर्जर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। अभी तक बंटी, संजीव और आकाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और तीनों को जेल भेजा जा चुका है। इनके अलावा एक आरोपी गुड्डा गुर्जर अभी भी पुलिस की गिरफ्तार से बाहर है। तीनों के मकानों पर चला बुलडोजर

वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जब आरोपियों की जमीन और मकान की जांच की तो ये अवैध पाए गए। इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर बंटी, आकाश और संजीव के तीनों मकान को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया।


इसके साथ ही 20 बीघा सरकारी जमीन पर बने खेत से कब्जा हटाकर उसे मुक्त कराया गया। वहीं पीड़िता के परिवार के गांव छोड़ने की बात पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने कहा कि जो परिवार है उन्हें अभी कहीं नहीं भेजा गया है, ये गलतफहमी है। परिवार पुलिस की सुरक्षा में है, पुलिस और प्रशासन की ओर से उनकी हर संभव मदद की जा रही है।

पुलिस ने अवैध रूप से बने तीन मकानों को तोड़कर कुल 20 बीघा जमीन कब्जे से मुक्त कराई है। वहीं पीड़िता के परिवार के गांव छोड़ने की बातों का खंडन करते हुए पुलिस ने कहा है कि पीड़ित पक्ष पुलिस की निगरानी में है और उनकी पूरी मदद की जा रही है।

# हिमाचल प्रदेश कैबिनेट में फेरबदल, नेताओं को सुक्खू सरकार में नई जिम्मेदारी

**हिमाचल** प्रदेश में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के कैबिनेट में शुक्रवार को फेरबदल देखने को मिला है। कैबिनेट फेरबदल में हिमाचल प्रदेश के पांच मंत्रियों को अतिरिक्त विभाग आवंटित किए गए हैं। सरकार की ओर से इस संबंध में सरकार की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। कैबिनेट में हुए फेरबदल में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को शहरी विकास का अतिरिक्त विभाग दिया गया है। आइए जानते हैं इस फेरबदल में किसे कौन सा मंत्रालय दिया गया है।

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कैबिनेट में हुए फेरबदल में ढहऊमंत्री विक्रमादित्य सिंह को शहरी विकास का अतिरिक्त विभाग दिया गया है। बीते नौ जनवरी को नए मंत्रियों को विभागों के आवंटन के



दौरान उनसे खेल और युवा मामलों का विभाग वापस ले लिया गया था। बता दें कि विक्रमादित्य सिंह हिमाचल प्रदेश सरकार के एकमात्र मंत्री थे जो कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। दो नए मंत्रियों को अतिरिक्त प्रभार 12 दिसंबर, 2023 को हिमाचल प्रदेश कैबिनेट में दो नए मंत्रियों– राजेश धर्माणी और यादविंदर गोमा को कैबिनेट में शामिल किया गया था। शुक्रवार को हुए फेरबदल में राजेश धर्माणी, जिनके पास तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग था, को नगर एवं ग्राम नियोजन और आवास मामलों का एक महत्वपूर्ण विभाग दिया गया है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू की कैबिनेट में युवा सेवा एवं खेल और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा को कानून विभाग आवंटित किया गया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को लोक शिकायत निवारण का अतिरिक्त विभाग दिया गया, जबकि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को मुद्रण और स्टेशनरी विभाग आवंटित किया गया है।

# आत्महत्या करने साथ गए थे दोनों, ट्रेन के आगे कूदा शख्स और प्रेमिका पीछे हट गई

**राजस्थान** के बालोतरा से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। खबर है कि यहां एक 34 साल का व्यक्ति और उसकी प्रेमिका अपनी जिंदगी खत्म करने के लिए राजस्थान के एक रेलवे स्टेशन पर गए थे। जैसे ही ट्रेन आई तो प्रेमी जो दो बच्चों का पिता था, उसके आगे कूद गया और उसकी मौत हो गई। लेकिन उसकी प्रेमिका ने ऐन वक्त पर अपना मन बदल लिया और पीछे हट गई। ये घटना गुरुवार रात राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा थाना इलाके की बताई जा रही है।

मृतक की पहचान राजू भट्ट के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर था। राजू भट्ट के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। घटना के बाद राजू के परिवार ने उसकी



प्रेमिका रवीना (20) और उसके परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि राजू और उसके ही गांव में रहने वाला रवीना पिछले एक साल से रिलेशनशिप में थे। हालांकि, कई परिस्थितियों के कारण उनकी शादी नहीं हो सकी।

गुरुवार को इस बात पर राजू और रवीना के बीच तीखी बहस हुई और उन्होंने आत्महत्या करने का फैसला किया। दोनों खेड़ गांव के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंचे।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्राः एक दिन का 50 लाख खर्चा

**कन्याकुमारीः** कांग्रेस पार्टी ने 2022–23 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गयी अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर कुल 71.80 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। बता दें कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' 145 दिनों तक चली थी और यह 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त हुई थी। कांग्रेस की इस यात्रा पर औसतन हर दिन 49 लाख रुपये का खर्च आया था। बता दें कि कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए निर्वाचन आयोग के पास दाखिल नवीनतम वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार उसने 2022–23 में चुनाव–पूर्व सर्वेक्षणों पर 40,10,15,572 रुपये खर्च किए।

कांग्रेस का चुनावी खर्च 192.5 करोड़ निर्वाचन आयोग के पास दाखिल इस रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022–23 में कांग्रेस पार्टी का चुनावी खर्च 192.5 करोड़ रुपये से अधिक था। अंकेक्षण की इस अवधि के दौरान कांग्रेस पार्टी ने 2022 में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में जबकि 2023 की शुरुआत में त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में चुनाव



लड़ा। इन चुनावों में हिमाचल प्रदेश में पार्टी को जीत मिली थी। वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कांग्रेस को 452.30 करोड़ रुपये का चंदा मिला। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जारी बता दें कि कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के मणिपुर से 14 जनवरी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की है। कांग्रेस की ये यात्रा 67 दिनों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। कल कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा के कारण निर्धारित समय से कुछ घंटे देरी से मुर्शिदाबाद जिले में फिर शुरू हुई। वहीं कांग्रेस न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के काफिले में शामिल एक एंबुलेंस ने कथित तौर पर एक वरिष्ठ जिला पुलिस अधिकारी की कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद एंबुलेंस के चालक और एक अन्य व्यक्ति को बीरभूम में हिरासत में ले लिया गया।

# सनातन पर विवादित बयान पड़ा भारी, उदयनिधि स्टालिन को कोर्ट ने किया तलब

**नई दिल्ली :** सनातन धर्म के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बेंगलुरु की कोर्ट ने उदयनिधि स्टालिन को सनातन पर दिए विवादित बयान के मामले में पेशी के लिए नेटिस जारी किया है। बता दें कि बीते साल उदयनिधि ने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। उन्होंने इसे समाप्त करने की भी अपील की थी। इसके बाद देश में उदयनिधि की आलोचना की गई थी और उनपर मुकदमे दर्ज हुए थे।

बेंगलुरु की 42वीं एसीएम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी उस टिप्पणी पर 4 मार्च को पेश होने के लिए बुलाया है जिसमें उन्होंने कथित तौर पर सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। इसके साथ ही कोर्ट की ओर से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन करने वाले लोगों को भी समन जारी किया गया है।

सनातन नाम संस्कृत से लिया गया है, जो



सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है। उन्होंने कहा था, 'हम कोरोना, डेंगू और मच्छरों का विरोध नहीं कर सकते। हमें इन्हें खत्म करना होगा और इसी तरह सनातन को भी खत्म करना होगा।' उदयनिधि के बयानों के कारण पूरे देश में हंगामा खड़ा हो गया था। उन पर कई राज्यों में केस दर्ज किए गए थे। उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में कहा था कि सितंबर में सनातन धर्म पर उनके द्वारा की गई टिप्पणी में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ₹मैंने जो कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं था। हम कानूनी रूप से मामले का सामना करेंगे।

## संक्षेप खबरें

### ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम संगठनों ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, अदालत के फैसले पर सवाल; सुप्रीम कोर्ट जाएंगे



**नई दिल्ली :** वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद मामले में मुस्लिम संगठनों ने आज दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अक्टढछइ के अध्यक्ष सैफुल्लाह रहमानी, मौलाना अरशद मदनी और महमूद मदनी मौजूद रहे। वहीं इस बैठक में मुस्लिम संगठन के सदस्यों ने कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुस्लिम संगठनों ने कोर्ट के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही कहा है कि इससे ना सिर्फ देश के 20 करोड़ मुसलमानों को बल्कि देश के सेकुलर हिंदुओं और सिखों को भी सदमा लगा है।

इस्लाम खुद नहीं देता इसकी इजाजत

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष सैफुल्लाह रहमानी ने इस मौके पर कहा कि ज्ञानवापी मामले ने 20 करोड़ मुसलमानों के साथ ही सेकुलर लोगों को बड़ा सदमा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज मुसलमानों के साथ सेकुलर हिन्दू और सिख सभी लोग दुखी हैं। सब लोगों को धक्का लगा है। ये जो बात कही जाती है कि मुसलमानों ने मंदिर गिराकर मस्जिद बनाई, ये बात बिल्कुल गलत है। इस्लाम खुद इसकी इजाजत नहीं देता, दुनिया की पहली मस्जिद मोहम्मद साहब ने पैसे देकर खरीदी थी, तब मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि इस्लाम के कानून के मुताबिक अगर किसी जमीन पर बिना इजाजत नमाज पढ़ने लगें तो इसकी इजाजत नहीं है।

### मटर की फसल में करता था गांजे की खेती, पुलिस ने 64 किलो माल के साथ किया गिरफ्तार



**कोलकाता :** मध्य प्रदेश में डिंडोरी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां एक शख्स ने बेखौफ होकर अपने खेत में गांजे की फसल उगा रखी थी।

सूचना मिलने पर पुलिस ने जब छापेमारी की तो पाया कि आरोपी ने अपनी मटर की फसल के साथ अवैध रूप से गांजे के पौधे लगा रखे हैं। थाना गाडासरई से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 1 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जामपानी में एक व्यक्ति ने अपने घर के सामने स्थित खेत (बाड़ी) मे मटर की फसल के साथ मादक पदार्थ गांजा की फसल लगा रखी है। इसके बाद पुलिस खेत पर कार्रवाई करने पहुंची। दरअसल, पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल ने जिले की कमान संभालते ही सभी थाना चौकी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश समस्त थाना प्रभारियों को दिए हैं। इसी कड़ी मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डिण्डौरी के.के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना गाडासरई पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अपने खेत में मटर की फसल के साथ अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाने के मामले में गिरफ्तार किया है।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा, दृष्टिबाधित लोगों को मुफ्त मानव सहायता प्रदान करे रेलवे

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को ट्रेन से यात्रा करने वाले दृष्टिबाधितों की सुविधा को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। कोर्ट ने रेलवे को दृष्टिबाधितों को बड़े स्टेशनों पर मुफ्त मानव सहायता प्रदान करने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली एक बेंच रेलयात्रा को दिव्यांगों के अनुकूल बनाने के विषय पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने रेलवे को अपनी तरफ से या उरफ (कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) पहल के माध्यम से यह सुविधा प्रदान करने पर विचार करने को कहा। कोर्ट की मदद के लिए अदालत मित्र के रूप में पेश वरिष्ठ वकील एस. के. रूंगटा ने अदालत को बताया कि रेलवे ने स्टेशनों पर व्हीलचेयर प्रदान किये हैं लेकिन उसने दृष्टिबाधितों को मुफ्त एस्कॉर्ट या सहायक देने से इनकार कर दिया है। रूंगटा ने कोर्ट से इस मुद्दे पर निर्णय लेने का आग्रह किया।

# चम्पई सरकार के फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे हेमंत सोरेन, कोर्ट से मिली इजाजत

**रांची :** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। हेमेंत सोरेन 5 फरवरी को होने वाले चम्पई सरकार के फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। रांची की पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। बता दें कि उन्हें 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इस बीच विशेष पीएमएलए अदालत ने सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन को रात में जेल में रहने की इजाजत नहीं दी।

5 फरवरी को होना है फ्लोर टेस्ट

बता दें कि चम्पई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को 5 फरवरी को सदन में विश्वास मत का सामना कर बहुमत साबित करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चम्पई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा, ''हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।''



इसको लेकर जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटाचार्य ने कहा कि कानून के तहत न्यायपालिका ने फैसला लिया है। हेमन्त सोरेन फ्लोर टेस्ट के दौरान हिस्सा लेंगे। आगे बजट में भी हेमंत सोरेन शामिल होंगे। ईडी ने कोशिश की थी कि परमिशन न मिले पर ईडी

**झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। हेमेंत सोरेन 5 फरवरी को होने वाले चम्पई सरकार के फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। रांची की पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। बता दें कि उन्हें 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इस बीच विशेष पीएमएलए अदालत ने सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन को रात में जेल में रहने की इजाजत नही दी।**

कानून से बढ़कर थोड़ी है। 5 फरवरी को फ्लोर पर बहुमत साबित करेंगे। कोई विधायक कहीं नहीं जा रहा है, सब एक साथ हैं।

सुप्रियो भटाचार्य ने कहा कि टूटफूट की कोशिश बीजेपी करती है। बीजेपी निचले स्तर का काम करती है। ऐसे लोग सांसद बनाए हुए हैं जिनपर महिला खिलाड़ियों ने संगीन आरोप लगाए हैं। बाते हैं, निपट जाएंगी

वहीं विधायक लोबिन हेम्ब्रम से जब ये पूछा गया कि क्या वह जेएमएम से दूरी बनाएंगे, क्या वो इस्तीफा दे रहे हैं, क्या नाराजगी है? इसपर उन्होंने कहा कि वो हमारे परिवार के सदस्य हैं आपसी बाते हैं, निपट जाएंगी।

गौरतलब है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (खटट), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) के गठबंधन के पास 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 47 विधायक हैं और इसे सीपीआईएमएल(एल) के इकलौते विधायक द्वारा बाहर से समर्थन प्राप्त है। रांची की पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। बता दें कि उन्हें 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इस बीच विशेष पीएमएलए अदालत ने सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन को रात में जेल में रहने की इजाजत नहीं दी।

संपादकीय

## बजट और भारतीय कृषि

पिछले कुछ दशकों में भारत की आर्थिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं. सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी 1947 में 60 फीसदी थी, जो घटकर पिछले वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत हो गयी. यह बदलाव देश के आर्थिक परिदृश्य की उभरती अस्थिरता को दर्शाता है. कृषि क्षेत्र की प्रगति भारत की नब्ज तय करती है. कृषि का योगदान देश के आर्थिक व सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. एक तरफ न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी और फसल बीमा योजनाओं जैसी पहलों ने आशा जगायी है, फिर भी कृषि को प्रभावित करने वाली चुनौतियां– बढ़ती लागत, अस्थिर बाजार कीमतें, कर्ज के नीचे दबता किसान, जलवायु परिवर्तन और सीमित बुनियादी ढांचा– नवीन समाधानों की मांग करती हैं. आगामी बजट नयी जमीन तैयार करने और अधिक मजबूत और समावेशी कृषि परिदृश्य विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है. हमारे कृषि कायाकल्प के केंद्र में पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता होनी चाहिए. बजट में ड्रिप सिंचाई, मृदा संरक्षण तकनीक और सूखा प्रतिरोधी फसल किस्मों को अपनाने जैसे उपायों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. जैविक खेती के उपकरण और इनपुट के लिए कर छूट और सब्सिडी किसानों को रासायनिक–गहन दृष्टिकोण से दूर जाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है. सिंचाई और कृषि प्रसंस्करण के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों में निवेश इस क्षेत्र में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम कर सकता है. किसानों को बीज, उर्वरक, बिजली और पानी आदि पर भारी सब्सिडी देने के बावजूद अधिकतर किसान संकट में हैं. भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय 12,500 है, जबकि किसानों की औसत आय उससे भी कम बनी हुई है. अधिकतर राज्यों में यह 10,000 प्रतिमाह से भी कम है. ओडिशा और झारखंड में किसानों की औसत आय केवल 5,000 के आसपास है. एक आंकड़े के अनुसार, कृषि परिवार की खेती से होने वाली आय का हिस्सा 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत हो गया है. ऐसे परिवारों के लिए आय के प्रमुख स्रोत के रूप में मजदूरी (40 प्रतिशत) ने फसल उत्पादन का स्थान ले लिया है. बजट में उन नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो उनकी आय बढ़ायें और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें. पीएम–किसान जैसी प्रत्यक्ष आय सहायता योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाना जरूरी वित्तीय स्थिरता प्रदान कर सकता है. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और किसान सहकारी समितियों को भी मजबूत किया जाना चाहिए. पूरे देश में प्रत्येक फसल की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाए.

> राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में 6,083 कृषि मजदूरों और 5,207 किसानों ने आत्महत्या की थी. आगामी बजट में ऋण राहत योजनाओं, ब्याज मुक्त ऋणों या फसल बीमा कार्यक्रमों के लिए ज्यादा धनराशि का प्रावधान करना जरूरी है.



भारतीय किसानों का औसत घरेलू ऋण सात लाख रुपये अधिक है. कर्ज और आर्थिक संकट के बोझ तले दबा किसान आत्महत्या करने को मजबूर है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में 6,083 कृषि मजदूरों और 5,207 किसानों ने आत्महत्या की थी. आगामी बजट में ऋण राहत योजनाओं, ब्याज मुक्त ऋणों या फसल बीमा कार्यक्रमों के लिए ज्यादा धनराशि का प्रावधान करना जरूरी है.

# अमीरों का क्लब है वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

**निंदनीय तो छोड़ ही दें, विश्व आर्थिक मंच अमेरिकी फंडिंग के एक प्रतिशत के लायक भी नहीं है, और यह सही समय है, जब हम दावोस को निधि से वंचित कर रहे हैं.' इससे पता चलता है कि अमेरिका में भी कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि दुनिया के आम आदमी के लिए इसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है.**

डॉ अश्विनी महाजन

कुछ दिन पहले दुनिया के एक महत्वपूर्ण मंच– वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का सालाना सम्मेलन दावोस (स्विट्जरलैंड) में संपन्न हुआ. वर्ष 1971 में अस्तित्व में आया यह फोरम वैश्विक आर्थिक संरचना पर चर्चा करने वाली एक अहम संस्था के नाते उभरा है. व्यापार, भू–राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा, पर्यावरण, प्रकृति आदि कई मुद्दों पर इस मंच पर चर्चा होती रही है. हर साल की तरह इस बार भी आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया. इनमें साठ देशों के शासनाध्यक्ष भी थे. एक हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच अपने सम्मेलनों में भाग लेने वालों से मोटी रकम शुल्क के रूप में लेता है, यानी किसी भी तरह से यह सर्वसमावेशी मंच तो नहीं कहा जा सकता. समाज में कम भाग्यशाली लोगों की ओर से बोलने वालों में से शायद कोई यहां नहीं पहुंच पाता. इसमें दुनिया के सामान्य जन के हित साधने जैसी कोई बात नहीं होती. इस बार भी जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार नहीं दिखता. उदाहरण के लिए, एक सत्र में यह चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के स्थान पर मित्रता के आधार पर हो रहा है. रूस–यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल–हमास युद्ध आदि स्थितियां इन कंपनियों के लिए शुभ नहीं हैं क्योंकि इनके कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सम्मेलन में जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, वे सभी वैश्विक भू–राजनीति में उथल–पुथल, देशों के बीच बढ़ती वैमनस्यता और युद्ध की स्थिति से चिंता व्यक्त करते हुए देखे गये. चाहे उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिक चर्चा करते समय उनका ध्यान मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था. एक विषय, जिससे पूरे दुनिया का सरोकार है यानी पर्यावरण और मौसम परिवर्तन, पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए कोई विशेष इच्छाशक्ति नहीं दिखी. पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है. काफी साल पहले विकसित देशों ने यह वादा किया था कि वे हर वर्ष 100 अरब डॉलर की सहायता पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए करेंगे. लेकिन वह सहायता दूर–दूर तक नजर नहीं आ रही. खरबों डॉलर की संपत्ति वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी विभिन्न मंचों पर इस समस्या पर चर्चा करती होंगी, लेकिन वे भी अपनी प्रौद्योगिकी को बिना भारी शुल्क लिये साझा करने के लिए तैयार नहीं है. यह स्थिति उनके दोहरे चरित्र की ओर इंगित करती है.

दावोस में बिगड़ते पर्यावरण और बदलते मौसम पर चर्चा करने वालों में अधिकतर अपने–अपने निजी विमान से वहां आये थे. उससे कार्बन का कितना उत्सर्जन हुआ और पर्यावरण का कितना ह्रास हुआ, उस ओर वे उदासीन दिखे. यदि वास्तव में फोरम के कर्ता–धर्ता मुद्दों के प्रति संवेदनशील होते, तो इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारी शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती. इस सम्मेलन में हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए था. शासनाध्यक्षों और बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है. चाहे ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की कितनी भी बातें करें, इनका इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान व्यवहार दानवों को भी लज्जित करने वाला था. फाइजर नामक कंपनी ने तो अप्रभावी वैक्सीन ही जान–बूझ कर दुनियाभर में बेच दी. यह कंपनी अमेरिकी सरकार के माध्यम से भारत सरकार पर भी दबाव बना रही थी. यही नहीं, अमेरिकी दबाव में भारत की विपक्षी पार्टियां भी सरकार पर इसकी वैक्सीन खरीदने हेतु दबाव बना रही थीं. पिछले साल फोरम में जब पत्रकारों ने फाइजर कंपनी के प्रमुख से इस बाबत जवाब मांगा, तो वे कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हुए. यह बात छुपी हुई नहीं है कि गैट समझौतों में अधिकांश समझौते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में हुए, ट्रिप्स समझौते में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में न केवल दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों समेत सभी प्रकार के उत्पादों पर पेटेंट की अवधि बढ़ायी गयी, बल्कि प्रक्रिया पेटेंट से उत्पाद पेटेंट की व्यवस्था भी लागू की गयी, जिससे सभी देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा बाधित हुई. जब भारत की कैडिला कंपनी से दक्षिण अफ्रीका द्वारा दवा खरीदने का कंपनियों ने विरोध किया और इसके कारण उन्हें जनता के रोष का सामना करना पड़ा, तो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में मान्य किया गया कि महामारी और अपात स्थितियों में पेटेंट अप्रभावी रहेंगे. लेकिन दुनिया ने देखा कि भयंकर कोरोना महामारी के बावजूद बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने पेटेंट अधिकारों को नहीं छोड़ा. जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व में 100 से अधिक देशों ने ट्रिप्स काउंसिल के सामने छूट का प्रस्ताव रखा, तो अपनी कंपनियों के दबाव में अमेरिका और यूरोपीय देशों समेत सभी विकसित देशों ने इसका विरोध किया. तमाम प्रयासों के बावजूद सिर्फ कोरोना वैक्सीन पर ही उन्होंने पेटेंट अधिकार छोड़ने का प्रस्ताव माना, लेकिन उसमें भी इतनी शर्तें जोड़ दी गयीं कि वह छूट लगभग निष्प्रभावी हो गयी.

ऐसे मंच, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबदबा हो और सामान्य प्रतिनिधियों की कोई प्रभावी भूमिका न हो, उससे दुनिया के भले की कल्पना नहीं की जा सकती. समझना होगा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, जिसकी विश्व में कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है और जो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों, जिनका धर्म ही लाभ और केवल लाभ कमाना है और जो मानवता के प्रति बहुत अधिक असंवेदनशील है, का ही एक मंच है. उनसे किसी तरह की अपेक्षा रखने का कोई मतलब नहीं है. ऐसे मंचों से विश्व को सावधान रहने की जरूरत है. ऐसे मंचों पर जब आर्थिकी, व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और यहां तक की असमानताओं की चर्चा होती है, तो समझ लेना चाहिए कि इन चर्चाओं के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने हित में वैश्विक एजेंडा चला रही हैं. अमेरिकी प्रतिनिधि स्कॉट पेरी ने 19 जनवरी को पांच लोगों के साथ मिलकर 'डिफंड दावोस एक्ट' पेश किया और कहा, 'करदाताओं को द्वीपीय, वैश्विक अभिजात्य वर्ग के लिए वार्षिक स्की यात्राओं के लिए धन देने के लिए मजबूर करना बेतुका है. निंदनीय तो छोड़ ही दें, विश्व आर्थिक मंच अमेरिकी फंडिंग के एक प्रतिशत के लायक भी नहीं है, और यह सही समय है, जब हम दावोस को निधि से वंचित कर रहे हैं.' इससे पता चलता है कि अमेरिका में भी कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि दुनिया के आम आदमी के लिए इसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**



बिजनेस

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा का बाजार पर होगा असर

**नई दिल्ली :** भारतीय शेयर बाजार में 29 जनवरी से शुरू हुए कारोबारी सप्ताह में तेजी का माहौल देखने को मिला. आखिरी कारोबार दिन तक सेंसेक्स में 0.92 यानी 654.48 अंक और निफ्टी में 1.43 प्रतिशत 307.50 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ. ऐसे में उम्मीद जा रही है कि सोमवार से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह में एक बार फिर से तेजी का दौर देखने को मिल सकता है. बताया जा रहा है कि स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय से तय होगी.

विश्लेषकों का कहना है कि अंतरिम बजट और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय के बाद अब बाजार भागीदारों का ध्यान केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा पर है. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) की बैठक छह–आठ फरवरी को होने वाली है. कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर भी सभी की निगाह रहेगी. इस सप्ताह



भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, नेस्ले, ल्यूपिन और टाटा पावर अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी. उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाजार भागीदार डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखेंगे. साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण रहेंगी.मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों और अंतरिम बजट के बाद सभी की निगाहें इस सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर होंगी. पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 501.2 अंक या 2.34 प्रतिशत चढ़ गया. शुक्रवार को निफ्टी अपने 22,126.80 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा. मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि अब बाजार का ध्यान चालू वित्त वर्ष के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगा. आने वाले दिनों में अशोक लेलैंड, भारती एयरटेल, अपोलो टायर्स, नेस्ले, ग्रासिम, एलआईसी जैसी कई कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी.

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि हमारा अनुमान है कि इस सप्ताह बाजार में काफी उतार–चढ़ाव रहेगा. सभी की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर रहेंगी. वैश्विक मोर्चे पर हमारा अनुमान है कि अमेरिकी बाजार में उछाल से स्थानीय शेयर बाजारों को भी मजबूती मिलेगी.

# कमाई के मामले में बिल गेट्स से आगे निकले मार्क जुकरबर्ग, टॉप–4 की लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली:** फेसबुक के सह–संस्थापक और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने फिर एक बार टॉप–4 की सूची में शामिल हो गये है. जी हां, खबरों की मानें तो मेटा का तिमाही मुनाफा वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से अधिक हुआ है जिस कारण वह 27 अरब डॉलर से अधिक कमाई कर चौथे नंबर के अमीर हो गए है. बता दें कि कंपनी के तिमाही नतीजे जारी करने के बाद मेटा के शेयरों में 20 फीसदी की तेजी रही है. मार्क जुकरबर्ग ने इसके बाद अपनी संपत्ति में हुए ग्रोथ की जानकारी साझा की. इस जानकारी के अनुसार अब मार्क जुकरबर्ग की कुल संपत्ति शुक्रवार को 169 बिलियन डॉलर को पार कर गई और उन्होंने बिल गेट्स को पछाड़कर ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स पर चौथे स्थान पर अपना कदम रख लिया.



ऐसा कहा जा रहा है कि यह जुकरबर्ग के लिए एक बड़ी वापसी है क्योंकि साल 2022 के अंत में उनकी संपत्ति $ 35 बिलियन से नीचे गिर गई क्योंकि मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण तकनीकी स्टॉक गिर गए थे और साल 2023 में भी मामूली वृद्धि हुई थी. खबरों की मानें तो मार्क जुकरबर्ग को मेटा स्टॉक के रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने से अन्य सुविधाएं भी मिलने वाली हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा एक दिन का उछाल है. हालांकि, फेसबुक के सह–संस्थापक को निवेशकों के लिए सोशल मीडिया दिग्गज के पहले लाभ के अंश से हर साल लगभग 700 मिलियन डॉलर का भुगतान प्राप्त होगा.

# अयोध्या के बाद और पर्यटन–धार्मिक स्थलों को जोड़ने का बनाया मेगा प्लान

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्यमंत्री वी के सिंह ने गत एक फरवरी को संयुक्त रूप से स्पाइसजेट की अयोध्या को आठ शहरों से जोड़ने वाली सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन किया था.**

**नई दिल्ली :** देश में सस्ती उड़ान सेवाएं उपलब्ध कराने वाली विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने देश के धार्मिक और पर्यटक स्थानों को जोड़ने के लिए मेगा प्लान बनाया है. एयरलाइन के प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि अयोध्या के बाद स्पाइसजेट अगले दो वर्षों में अपने कारोबार का विस्तार करने और लक्षद्वीप सहित विभिन्न पर्यटन और धार्मिक स्थलों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना बना रही है. उन्होंने कहा कि जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बाद, विमान कंपनी कुछ स्थानों पर सी–प्लेन भी चलाने की योजना बना रही है. अजय सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि यह विस्तार करने का समय है. स्पाइसजेट अगले दो वर्षों में अपने कारोबार का विस्तार करने की पूरी कोशिश करेगा. हम कई पर्यटन स्थलों, धार्मिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, लक्षद्वीप जैसे स्थानों को जोड़ना चाहते हैं. एयरलाइन के पास पहले से ही सीप्लेन संचालित करने का लाइसेंस है और सीप्लेन सेवाओं के माध्यम से कई स्थानों को जोड़ना आसान होगा.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्यमंत्री वी के सिंह ने गत एक फरवरी को संयुक्त रूप से स्पाइसजेट की अयोध्या को आठ शहरों से जोड़ने वाली सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन किया था. अपने नेटवर्क के माध्यम से अयोध्या को अधिक स्थानों से जोड़ने की कंपनी की योजना के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि आज हर बड़ा और छोटा शहर अयोध्या के साथ 'कनेक्टिविटी' चाहता है.




इसलिए इनपर काम चल रहा है. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आज हर एयरलाइन अधिक से अधिक उड़ानों के साथ अयोध्या से जुड़ना चाहती है. मुझे लगता है कि जल्द ही सरकार को अयोध्या में हवाई अड्डे का विस्तार करना होगा.

हवाई मार्ग से ढुलाई में आयी तेजीस्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक होगा.

जैसे आप वेटिकन या मक्का के बारे में सुनते हैं. मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि हवाई मार्ग से ढुलाई में बड़े पैमाने पर तेजी देखी जा रही है और स्पाइसजेट न केवल देश के भीतर बल्कि दुनियाभर के बड़े वाणिज्यिक केंद्रों सहित विदेशों में भी बड़े आकार के विमान का उपयोग करके ढुलाई सेवाएं शुरू करना चाहती है. उन्होंने कहा कि कंपनी का इरादा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्धता प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का भी है.

## इस सप्ताह बाजार में दिखेगी पांच आईपीओ की धूम

**नई दिल्ली:** शेयर बाजार में पिछले सप्ताह तेजी का दौर देखने को मिला. पांच कारोबारी दिनों में सेंसेक्स में औसत 0.92 यानी 654.48 अंकों की तेजी को देखने के लिए मिली. जबकि, निफ्टी में 1.43 प्रतिशत 307.50 अंकों की तेजी देखने को मिली. इस सप्ताह बाजार में आईपीओ की ?धूम दिखने वाली है. निवेशक आईपीओ के माध्यम से अच्छी कमाई कर सकते हैं. बाजार में पांच बड़ी कंपनी के आईपीओ आने वाले हैं. इसमें से चार कंपनियां मेन बोर्ड पर लिस्ट होने वाली है. जबकि, एक कंपनी की लिस्टिंग एसएमई कैटेगरी में होने वाली है. पांच कंपनियों के द्वारा कुल 27 सौ करोड़ रुपये बाजार से जुटाने की कोशिश की जाएगी. पार्क होटल्स, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक, कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक और राशि पेरिफेरल्स के शेयर मेनबोर्ड पर लिस्ट होने वाली कंपनियों में शामिल हैं.

# वाइजैक टेस्ट में शुभमन गिल ने लगाया शतक

**नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच वाइजैक में खेला जा रहा है. इस मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी कर ली है. उन्होंने इंग्लिश गेंदबाजों की पिटाई करते हुए धमाकेदार शतक जड़ दिया है. आपको बता दें, पिछले लंबे वक्त से गिल का बल्ला रनों के सूखे से जूझ रहा था. ऐसे में उनकी ये पारी ना केवल उनके कॉन्फिडेंस को बढ़ाएगी बल्कि उनकी आलोचना करने वालों के लिए भी करारा जवाब है.



वाइजैक टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल ने बेहतरीन शतक लगा दिया है. उनके लिए ये शतक जरूरी हो गया था, क्योंकि क्रिकेट गलियारों में लोग ड्रॉप करने की बात करने लगे थे. 11 महीने बाद गिल के बल्ले से टेस्ट शतक देखने को मिला है. इसके अलावा, गिल ने 13 टेस्ट पारियों में एक भी अर्धशतकीय पारी तक नहीं खेली थी. ये गिल का तीसरी टेस्ट सेंचुरी है. इससे पहले उन्होंने मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरी पूरी की थी.

शुभमन गिल पिछले कुछ वक्त से नंबर-3 पर टेस्ट में बल्लेबाजी कर रहे हैं. इस बैटिंग ऑर्डर पर खेलते हुए ये गिल का पहला शतक है. इतना ही नहीं 2017 के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले भारतीय खिलाड़ी ने शतक लगाया है. यानि 6 साल बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए भारतीय बल्लेबाज ने सेंचुरी बनाई है. इससे पहले 2017 में चेतेश्वर पुजारा ने ये बड़ा कारनामा किया था. भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे विशाखापट्टनम टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की शुरुआत कुछ खास अच्छी नहीं रही. यशस्वी जायसवाल 17, रोहित शर्मा 13, श्रेयस अय्यर 29 और रजत पाटीदार 9 रन बनाकर आउट हो गए. मगर, शुभमन गिल वन मैन आर्मी की तरह क्रीज पर डटे रहे और शतक लगाया. हालांकि, सेंचुरी पूरी करने के बाद वह 104(147) के स्कोर पर शोएब बशीर के शिकार हो गए. अपनी पारी में गिल ने 11 चौके और 2 छक्के लगाए.

> सेंचुरी पूरी करने के बाद वह 104(147) के स्कोर पर शोएब बशीर के शिकार हो गए. अपनी पारी में गिल ने 11 चौके और 2 छक्के लगाए.

## 'पुजारा कर रहे हैं इंतजार...', दिग्गज ने शुभमन गिल को दी लास्ट वॉर्निंग

**नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखापट्टनम में शुरू हो चुका है, जिसमें रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया. इस मैच में शुभमन गिल एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए, जिसके बाद एक बार फिर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा. इतना ही नहीं पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने तो गिल को अब चेतावनी भी दे दी है. बातों-बातों में उन्होंने गिल को बता दिया है कि अगर ऐसे ही चलता रहा, तो वह अपनी जगह खो सकते हैं...





विशाखापट्टनम टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने पहले दिन 336/6 का स्कोर बनाया. जहां, यशस्वी जायसवाल ने कमाल की बल्लेबाजी की, तो वहीं शुभमन गिल एक बार फिर फेल रहे. जी हां, गिल पहली पारी में सिर्फ 34 रन बनाकर ही आउट हो गए. जी हां, एक बार फिर गिल सस्ते में आउट हो गए. उनके आउट होने के बाद टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा, "यह नई टीम है. ज्यादातर खिलाड़ी युवा हैं. लेकिन इन युवा खिलाड़ियों को खुद को साबित करने की जरूरत है. आपको याद रखना होगा कि पुजारा फिर से टीम में जगह लेने के लिए तैयार बैठे हैं. पुजारा रणजी ट्रॉफी में लगातार रन बना रहे हैं."

## 22 साल का ये खिलाड़ी राजस्थान रॉयल्स को जिताएगा ट्रॉफी !

**नई दिल्ली**

क्ढछ 2024 : इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की तारीखों का इंतजार हर क्रिकेट फैन बेसब्री से कर रहा है. मौजूदा समय में टीम इंडिया इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज खेल रही है और इसके बाद ही आईपीएल 2024 की शुरुआत होगी. इस बीच 22 साल के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कमाल का फॉर्म दिखाया है, जिसने ना केवल टीम इंडिया बल्कि उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स को भी खुश कर दिया होगा. यशस्वी 'वन मैन आर्मी' की तरह बैटिंग कर रहे हैं. तो यकीनन वह अपनी टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाएंगे.



## इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले ये टीम बदलेगी कप्तान !

**नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की तैयारियां खूब जोरों पर हैं. सभी फ्रेंचाजियों ने दुबई में हुए मिनी ऑक्शन में खरीददारी की और अपनी-अपनी टीम को अपकमिंग सीजन के लिए तैयार कर लिया है. वैसे तो सभी टीमों के कप्तान तय हैं, लेकिन अभी भी एक फ्रेंचाइजी ऐसी है, जो कभी भी अपना कप्तान बदल सकती है. हम बात कर रहे हैं सनराइजर्स हैदराबाद की, जिसके मौजूदा कप्तान एडेन मार्करम हैं, लेकिन काव्या मारन की ये टीम कभी भी अपने कप्तान को बदल सकती है. आइए इसकी वजह बताते हैं...




क्ढछ 2024 मिनी ऑक्शन में जब ढं३ उ्रेह्लर का नाम आया, तो टीमों ने बढ़कर-बढ़कर बोली लगाई. लेकिन आखिर में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने बाजी मारी और 20 करोड़ 50 लाख की बड़ी रकम अदा करके कमिंस को अपने साथ जोड़ लिया.

इसी के साथ कमिंस आईपीएल ऑक्शन के पहले खिलाड़ी बन गए, जिनपर 20 करोड़ की बोली लगी. अब फ्रेंचाइजी ने इतनी मोटी रकम खर्च करके पैट कमिंस को खरीदा है, तो जाहिर तौर पर वह उनकी हर स्किल का इस्तेमाल करना चाहेंगे.

पैट कमिंस मानो उन कप्तानों में से हैं, जो किसी भी चीज को छूकर सोना बना दें. जी हां, साल 2023 में कमिंस की कप्तानी में उनकी टीम ने जो भी इवेंट खेला, जीतकर ही आई. जहां, फ्रेंचाइजी ने पहले भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराकर ट्रॉफी उठाई. फिर वर्ल्ड कप 2023 में भी भारत को फाइनल में हराकर पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया को ट्रॉफी जिताई.

इसके अलावा उनकी कप्तानी में कंगारू टीम एशेज को रिटेन करने में भी कामयाब रहे. कमिंस ने जब से ऑस्ट्रेलिया की कमान संभाली है, टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और कप्तान ने खुद भी अपना प्रदर्शन बरकरार रखा है.

ऐसे में अब सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी उन्हें कप्तानी सौंपकर अपनी टीम को क्ढछ 2024 में खिताबी जीत की दावेदार बनाना चाहेगी.

## वाइजैक में चला यशस्वी का जादू, तोड़कर रख दिया रोहित शर्मा का धांसू रिकॉर्ड

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच 2 फरवरी से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत हुई है. विशाखापट्टनम में खेले जा रहे इस मैच का पहला दिन पूरी तरह से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के नाम रहा. यशस्वी ने कमाल की बल्लेबाजी की और पहले दिन 179* के स्कोर पर नाबाद लौटे. अपनी इस पारी की बदौलत रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यशस्वी ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर दिया. आइए आपको उस रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं...

भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बेहतरीन फॉर्म में हैं. विशाखापट्टनम में एक बार फिर इस खिलाड़ी ने कमाल का प्रदर्शन किया. ओपनिंग के लिए आए यशस्वी ने दिन खत्म होने तक क्रीज नहीं छोड़ी. यशस्वी ने सबसे पहले 151 गेंदों में छक्का लगाकर शतक लगाया और आखिर में वह 179(257) के स्कोर पर नाबाद लौटे. इस दौरान उन्होंने 17 चौके और 5 छक्के भी लगाए. ये कहना गलत नहीं होगा यदि कुछ और ओवर होते, तो वह दोहरा शतक लगाकर ही पवेलियन लौटते. यशस्वी जब दिन खत्म होने पर वापस लौटे, तो सभी ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया.



यशस्वी जायसवाल 179 पर नाबाद पवेलियन लौटे और इसी के साथ वह 2011 के बाद टेस्ट मैच में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने हिटमैन रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा है. जी हां, रोहित ने 2021 में पहले दिन इंग्लैंड के ही खिलाफ 161 रनों की पारी खेली थी. वहीं, आज 179* पर नाबाद लौटकर जायसवाल ने रोहित को पीछे छोड़ दिया.

## संक्षेप खबरें

### एनिवर्सरी पर इरफान पठान ने शेयर किया प्यारा सा पोस्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर इरफान पठान आज अपनी 8वीं मैरिज एनिवर्सरी मना रहे हैं. इस खास मौके पर इरफान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने प्यारा सा कैप्शन लिखा है और वाइफ सफा बेग के साथ एक खूबसूरत सी तस्वीर भी शेयर की है. आपने इरफान को अक्सर उनकी वाइफ सफा की फोटोज पर्दे में शेयर करते देखा होगा, मगर इस बार उन्होंने सामने से फोटो शेयर की है, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं.

भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने आज 3 फरवरी को 8वीं एनिवर्सरी पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया. इसमें उन्होंने लिखा- आप एक हैं, लेकिन कई किरदार निभाती हैं. इस खूबसूरत सफर में आप मेरी मूड बूस्टर हैं, कॉमेडियन हैं, मुश्किल से बाहर निकालने वाली हैं, दोस्त हैं, मुझे कॉम्पटीशन देने वाली और मेरे बच्चों की मां हैं. मैं खुशनसीब हूं कि आप मेरी वाइफ हैं... आपको 8वीं एनिवर्सरी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं.

इस पोस्ट में कैप्शन के अलावा इरफान पठान ने अपनी वाइफ के साथ एक फोटो भी शेयर की है, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं. असल में, ऐसा कम ही देखा जाता है जब सोशल मीडिया पर सफा बेग की तस्वीर हो. जहां तक इरफान के सोशल मीडिया की बात है, तो शायद ही उन्होंने इस तरह इससे पहले कभी वाइफ सफा की पूरी फोटो शेयर की है. वरना, ज्यादातर तस्वीरों में या तो सफा का चेहरा क्लीयर नहीं होता था और या फिर वह हिजाब में होती थीं.

इरफान पठान की लव स्टोरी के बारे में कम लोग ही जानते हैं. इरफान और सफा की पहली मुलाकात 2014 में हुई थी और पहली ही नजर में इरफान सफा को दिल दे बैठे थे. लगभग 2 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद इस जोड़े ने निकाह कर लिया. आपको बता दें, आपको बता दें, सफा बेग का जन्म 28 फरवरी 1994 में सऊदी अरब में हुआ था. जब सफा स्कूल में थीं, तभी से वह मॉडल बनना चाहती थीं. उनके मां-पापा ने बेटी साथ दिया और वह एक मॉडल बन गईं.

### गावस्कर की सास का निधन, विशाखापत्तनम से कमेंट्री छोड़कर पहुंचे कानपुर



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर की सास का निधन हो गया है। यह खबर मिलने के बाद सुनील गावस्कर विशाखापत्तनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री छोड़कर कानपुर पहुंचे हैं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सनी गावस्कर शुक्रवार दोपहर को अपनी पत्नी मार्शनील गावस्कर और उनके परिवार के साथ कानपुर के लिए रवाना हुए।गावस्कर, जिन्होंने 125 टेस्ट खेलकर 10,122 रन और 108 वनडे मैचों में 3092 रन बनाए।

उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद क्रिकेट प्रशासन में कई भूमिकाएं निभाईं। वह अतीत में अंतरिम बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।

# मुंबई इंडियंस का ट्रॉफी जीतना है नामुमकिन, ये 2 खिलाड़ी बनेंगे वजह !

**नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को वापस टकमें शामिल करके उन्हें टीम की कमान सौंप दी है. अब रोहित शर्मा, हार्दिक की कप्तानी में आईपीएल 2024 में खेलते नजर आएंगे. मगर, सीजन से मुंबई के सामने एक के बाद एक मुश्किल सामने आ रही है. पहले ही हार्दिक पांड्या की फिटनेस ने टककी मुश्किलें बढ़ाई थीं और अब रोहित शर्मा का खराब फॉर्म भी टीम के लिए नया सिरदर्द बन गया है.

रोहित शर्माका बल्ला पिछले कुछ वक्त से काफी खामोश है. यदि उनके बल्ले से निकली पिछली 10 पारियों पर गौर करें, तो इस दौरान सिर्फ एक शतक है, जो उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ बैंगलोर में लगाया था. इससे पहले और इसके बाद हिटमैन का बल्ला खामोश ही दिखा है. बल्कि ये कहना भी गलत नहीं होगा कि वर्ल्ड कप 2023 के बाद से ही रोहित का बल्ला खामोश हो गया है. वह मैदान पर तो लौट आए हैं, लेकिन उनके फॉर्म का लौटना बाकी है.



आपको बता दें, रोहित शर्मा ने अब तक खेले गए 243 मैचों में 130.05 की स्ट्राइक रेट और 29.58 के औसत से 6211 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 42 अर्धशतक निकल चुके हैं. साथ ही वह 15 विकेट भी चटका चुके हैं.

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन से पहले मुंबई इंडियंस ने टीम की कमान हार्दिक पांड्या को सौंप दी है. मगर, हार्दिक और उनकी फिटनेस टीम की मुश्किलें बढ़ा सकती है. वैसे तो, रिपोर्ट्स की मानें तो ऑलराउंडर आईपीएल 2024 तक फिट हो जाएगा और मैदान पर लौट आएगा. इसके लिए उन्होंने प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है.

मगर, पिछले 3-4 सालों में हार्दिक और उनकी इंजरी टीम इंडिया के लिए चिंता का सबब रही है. ऐसे में उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट पर भी ध्यान देते हुए मैच खेलने होंगे. ऐसे में वह कम से कम गेंदबाज कर सकते हैं, जो टीम के हित में बिलकुल नहीं होगा. हालांकि, हाल ही में हार्दिक ने एक इंस्टाग्राम वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने साफ किया था कि वह फिट हो रहे हैं और तैयारी में जुटे हुए हैं. सीजन से मुंबई के सामने एक के बाद एक मुश्किल सामने आ रही है. पहले ही हार्दिक पांड्या की फिटनेस ने टक की मुश्किलें बढ़ाई थीं और अब रोहित शर्मा का खराब फॉर्म भी टीम के लिए नया सिरदर्द बन गया है.

> ऑलराउंडर आईपीएल 2024 तक फिट हो जाएगा और मैदान पर लौट आएगा. इसके लिए उन्होंने प्रैक्टिस भी शुरूकर दी है. मगर, पिछले 3-4 सालों में हार्दिक और उनकी इंजरी टीम इंडिया के लिए चिंता का सबब रही है. ऐसे में उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट पर भी ध्यान देते हुए मैच खेलने होंगे. ऐसे में वह कम से कम गेंदबाज कर सकते हैं, जो टीम के हित में बिलकुल नही होगा. हालांकि, हाल ही में हार्दिक ने एक इंस्टाग्राम वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने साफ किया था कि वह फिट हो रहे हैं और तैयारी में जुटे हुए हैं.

# बॉलीवुड तड़का



## रश्मिका, आलिया, नोरा के बाद अक्षय कुमार हुए डीपफेक का शिकार

**नई दिल्लीः** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार डीपफेक वीडियो के लिस्ट ऑफ विक्टिम में शामिल हो चुके हैं. एक गेम एप्लिकेशन को प्रमोट करने वाले अक्षय का फेक वीडियो सामने आया है. जिस पर अब एक्टर कानूनी कार्रवाई करेंगे. सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अभिनेता कभी भी ऐसी किसी गतिविधि के प्रचार में शामिल नहीं हुए हैं. इस वीडियो के स्रोत की जांच की जा रही है और झूठे विज्ञापन के लिए अभिनेता की पहचान का दुरुपयोग करने के लिए कानूनी कार्रवाई की जा रही है. सूत्र ने आगे कहा, कि इस फर्जी वीडियो को बनाने और प्रचारित करने के लिए सोशल मीडिया हैंडल और कंपनी के खिलाफ साइबर शिकायत दर्ज की गई है.

एआई जनरेटेड वीडियो में अक्षय कहते दिख रहे हैं, क्या आपको भी खेलना पसंद है? मैं आपको सलाह देता हूं कि आप इस एप्लिकेशन को डाउनलोड करें और एविएटर गेम आज़माएं. यह दुनिया भर में लोकप्रिय स्लॉट है जिसे हर कोई यहां खेलता है. हम नहीं खेल रहे हैं.₹ कैसीनो के विरुद्ध लेकिन अन्य खिलाड़ियों के विरुद्ध. यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'फर्जी अलर्ट'. एक फैन ने कहा डीप फेक. आईएएनएस ने अभिनेता के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया, वह अपनी पहचान का दुरुपयोग होने से बेहद परेशान हैं और उन्होंने अपनी टीम को उपलब्ध सभी कानूनी कार्रवाई का उपयोग करके इस मामले से निपटने का निर्देश दिया है.इससे पहले, इंटरनेट पर रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही, कैटरीना कैफ, काजोल और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसे अभिनेताओं के डीप फेक वीडियो वायरल हो चुके हैं. इस बीच, काम के मोर्चे पर, अक्षय बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं. फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी मुख्य भूमिका में हैं. उनके पास पाइपलाइन में स्काई फोर्स, सिंघम अगेन, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और वेदत मराठे वीर दौडले सात भी हैं.

सचिन तेंदुलकर जैसे अभिनेताओं के डीप फेक वीडियो वायरल हो चुके हैं. इस बीच, काम के मोर्चे पर, अक्षय बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं. फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी मुख्य भूमिका में हैं. उनके पास पाइपलाइन में स्काई फोर्स, सिंघम अगेन, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और वेदत मराठे वीर दौडले सात भी हैं.

## ओटीटी पर रिलीज होगी रानी मुखर्जी-अमिताभ बच्चन की ब्लैक, यहां देख सकते हैं आप



**नई दिल्लीः** फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक जल्द ओटीटी पर रिलीज होने वाली है. ये फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई थी. फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अहम रोल निभाया था. वहीं रानी मुखर्जी इसमें लीड एक्ट्रेस थीं जो एक दृष्टिबाधित लड़की बनकर छा गई थीं. फिल्म ने अपनी पावरफुल स्टोरी और शानदार प्रदर्शन के लिए दर्शकों और आलोचकों दोनों का दिल जीता था. ब्लैक रानी मुखर्जी की सबसे शानदार परफॉर्मेंस में से एक मानी जाती है. इस साल फिल्म को रिलीज हुए पूरे 19 साल हो गए हैं. 19वीं एनिवर्सरी पर मेकर्स इसे ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं.

रविवार, 4 फरवरी को मेकर्स ने फिल्म ब्लैक की डिजीटल रिलीज की घोषणा कर दी है. मील के पत्थर कही जाने वाली ये फिल्म प्रसिद्ध ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. दर्शक अपने घरों में आराम से बैठकर फिल्म का आनंद ले सकते हैं. इंस्टाग्राम पर फिल्म की एक मार्मिक क्लिप साझा करते हुए नेटफ्लिक्स के इंस्टा हैंडल पर इसकी रिलीज डेट और बाकी जानकारी दी गई है.

कैप्शन में लिखा है, ₹संजय लीला भंसाली की ब्लैक को रिलीज हुए 19 साल हो गए हैं और आज हम नेटफ्लिक्स पर इसकी पहली डिजिटल रिलीज का जश्न मना रहे हैं! देबराज और मिशेल की यात्रा हम सभी के लिए एक प्रेरणा रही है, और हमें उम्मीद है कि यह आपको शक्ति और करुणा से भर देगी. फिल्म में शिक्षक देबराज की भूमिका निभाने वाले अमिताभ बच्चन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर ओटीटी प्रीमियर की जानकारी फैंस के साथ साझा की है. यह कालजयी कहानी मिशेल (रानी मुखर्जी) की है वो एक ऐसी महिला है बहरेपन और अंधेपन से जूझती है. वहीं अमिताभ बच्चन फिल्म में उसके टीचर देबराज बने हैं जो अल्जाइमर से परेशान है.

## विराट कोहली और अनुष्का शर्मा बनेंगे दूसरे बच्चे के पेरेंट्स, एबी डिविलियर्स ने किया कंफर्म



**नई दिल्लीः** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली सबसे पसंदीदा सेलिब्रिटी कपल में से एक हैं. साल 2017 में शादी के बंधन में बंधने के बाद, उन्होंने 2021 में अपनी बेटी वामिका का दुनिया में स्वागत किया. हाल के महीनों में अफवाहों का बाजार गर्म रहा है कि कपल को दूसरे बच्चे की उम्मीद है, विशेष रूप से सुर्खियों में अनुष्का की कम इम्पॉर्टेंट उपस्थिति और कभी-कभार देखे जाने के कारण. ध्यान देने योग्य बेबी बंप के साथ. अटकलें तब तेज हो गईं जब विराट ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से नाम वापस ले लिया.

अब, रोमांचक खबर की पुष्टि करते हुए, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने खुलासा किया कि यह कपल रियल में खुशी के दूसरे बंडल के आगमन की उम्मीद कर रही है. एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपने यूट्यूब चैनल पर एक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक महत्वपूर्ण खुलासा किया, जिसमें पुष्टि की गई कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं. यह खुलासा तब हुआ जब एक प्रशंसक ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में कोहली की अनुपस्थिति और अंतिम तीन मैचों में उनकी संभावित वापसी के बारे में पूछा.कोहली की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए, डिविलियर्स ने साझा किया, मैंने उन्हें टेक्स्ट किया था, उनसे सुना था. मैं बहुत अधिक जानकारी नहीं दे सकता; मुझे बस इतना पता है कि वह ठीक हैं और अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता रहे हैं. पहली बार न आने का यही कारण है. इंग्लैंड के खिलाफ कुछ टेस्ट मैच.

अनुष्का की कम इम्पॉर्टेंट उपस्थिति और कभी-कभार देखे जाने के कारण. ध्यान देने योग्य बेबी बंप के साथ. अटकलें तब तेज हो गईं जब विराट ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से नाम वापस ले लिया.



## बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडे की मुश्किलें थमने का नाम नही ले रही हैं

**नई दिल्लीः** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे काफी सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी मौत की खबर दी थी. इस खबर ने इंडस्ट्री समेत देशभर में सनसनी मचा दी थी. हर कोई पूनम पांडे की अचानक मौत से परेशान था. पूनम की टीम ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक बयान साझा कर बताया कि उनकी बीमारी से मौत हो गई है. हालांकि, एक दिन बाद पता चला पूनम पांडे जिंदा हैं और उन्होंने ये सब एक पब्लिसिटी स्टंट के तौर पर किया था. एक्ट्रेस की इस हरकत के बाद से उन्हें जमकर आलोचनाएं मिल रही हैं. यूजर्स ट्रोल कर रहे हैं. इधर ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन (अक्छहअ) ने एक बयान जारी कर मॉडल-अभिनेता पूनम पांडे के खिलाफ एफआईआर की मांग की है. शनिवार को एक्स (ट्विटर) पर एआईसीडब्ल्यूए ने कहा कि 'स्व-प्रचार के लिए सर्वाइकल कैंसर की आड़ का इस्तेमाल करना स्वीकार्य नहीं है.' अक्छहअ के बयान में कहा गया है, ₹मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे द्वारा फर्जी पीआर स्टंट बेहद गलत है. इस खबर के बाद, लोग भारतीय हिंदी सिनेमा में किसी भी मौत की खबर पर विश्वास करने में संकोच कर सकते हैं.

## कैंसर डे पर आयुष्मान खुराना ने पत्नी ताहिरा पर लुटाया प्यार



**नई दिल्लीः** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े हुए नजर आते हैं. कपल पिछले 16 साल से एक-दूसरे के साथ हैं. जिंदगी में दोनों ने हमेशा हर चैलेंज में साथ दिया है. आज वर्ल्ड कैंसर डे पर आयुष्मान खुराना ने पत्नी ताहिरा कश्यप के लिए एक स्पेशल पोस्ट किया है. आयुष्मान खुराना का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. फैंस एक्टर की जमकर तारीफ कर रहे हैं. 2019 में, ताहिरा ने बहादुरी से ब्रेस्ट कैंसर से जंग जीती थी. एक्ट्रेस दर्दनाक मास्टेक्टॉमी प्रक्रिया से गुजरीं और बीमारी पर जीत हासिल करके ही दम लिया था. ऐसे में विश्व कैंसर दिवस पर, आयुष्मान ने उनकी सराहना की और कैंसर के माध्यम से ताहिरा की साहसी यात्रा को दर्शाने वाले स्नैपशॉट दिखाते हुए एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**

TitleCode: UPHIN51223

**मोबाइल नंबर**

**9456884327**

**Officialsabkasapna@gmail.com**

**www.sabkasapna.com**

**नोट-** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

## कैसे ऐश्वर्या राय से प्यार कर बैठे थे अभिषेक बच्चन, बर्थडे पर जानें लव स्टोरी

**नई दिल्लीः** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन आज अपना 47वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस अवसर पर फैंस और फॉलोवर्स ने खूब शुभकामनाएं दी हैं. कहने की जरूरत नहीं है कि जूनियर बच्चन का शानदार फिल्मी करियर रहा है. उन्होंने अपनी फिल्मों की पसंद के जरिए टैलेंट को साबित किया है. वहीं पर्सनल लाइफ की बात करें तो अभिषेक बच्चन पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय के पति हैं. दोनों पिछले 17 साल से भी ज्यादा समय से साथ हैं. ऐश्वर्या राय के साथ अभिषेक ने खुशी-खुशी शादी की थी. इससे पहले कपल ने एक-दूसरे को डेट किया था. ऐश्वर्या और अभिषेक तभी से आइडल कपल्स में से एक रहे हैं. आज अभिषेक के जन्मदिन पर हम उनकी प्यारी लव स्टोरी बता रहे हैं.

साल 2018 में एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय के साथ अपनी लव स्टोरी का खुलासा किया था. इससे पहले एक्टर रानी मुखर्जी और करिश्मा कपूर को डेट कर चुके थे. दोनों ही एक्ट्रेस के साथ उनकी शादी भी पक्की हो गई थी लेकिन हालात कुछ और बने और अभिषेक की जोड़ी ऐश्वर्या राय के साथ बनी. 'ढाई अक्षर प्रेम के' में ऐश्वर्या और अभिषेक ने साथ काम किया था. इस फिल्म के सेट पर उनकी पहली दोस्ती हुई थी. अभिषेक ने बताया था कि, ₹हम प्यारे दोस्त थे. हम साथ में एक और फिल्म 'कुछ ना कहो' कर रहे थे. हमारे बीच हमेशा गहरी दोस्ती थी और समय के साथ यह दोस्ती गहरी होती गई."

इसके अलावा, अभिषेक ने बताया कि मुजफ्फर अली की उमराव जान में काम करने के दौरान उनका प्यार पनपा था. अभिषेक बोले, ₹उमराव जान के दौरान हालात गंभीर हो गए. उसके बाद, मैंने उन्हें प्रपोज किया और फिर हमने शादी कर ली, और अब हमारी एक खूबसूरत बेटी आराध्या है." अभिनेता ने कहा, उनकी पत्नी जो भी करती है, उसके लिए समर्पित है, चाहे वह अभिनय हो या एक मां के रूप में.इसके अलावा 2021 में सिद्धार्थ कानन से बात करते हुए अभिषेक ने ऐश्वर्या के साथ काम करते हुए ही केमिस्ट्री बनने और प्यार में पड़ने को कुबूल किया था. अभिषेक बच्चन ने न्यूयॉर्क में ऐश्वर्या राय को प्रपोज किया और फिर दोनों ने 20 अप्रैल, 2007 को एक भव्य समारोह में शादी कर ली थी. दोनों ने गुरु, रावण और सरकार जैसी फिल्मों में साथ काम किया.

इसके अलावा 2021 में सिद्धार्थ कानन से बात करते हुए अभिषेक ने ऐश्वर्या के साथ काम करते हुए ही केमिस्ट्री बनने और प्यार में पड़ने को कुबूल किया था. अभिषेक बच्चन ने न्यूयॉर्क में ऐश्वर्या राय को प्रपोज किया और फिर दोनों ने 20 अप्रैल, 2007 को एक भव्य समारोह में शादी कर ली थी. दोनों ने गुरु, रावण और सरकार जैसी फिल्मों में साथ काम किया.

